हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, शनिवार 28 सितंबर 2024
बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

तापमान
अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 16.8 डिग्री

10 गांव में पोल्ट्रीफार्म को बंद करने की मांग ग्रामीणों ने कहा...



08 नई दिल्ली से लौटे माओवादी हिंसा पीड़ित, मुख्यमंत्री ...




## खबर संक्षेप

### युवक ने घर में ही फांसी लगाकर की आत्महत्या

**गुरूर।** ग्राम दूपचेरा में एक युवक ने आत्महत्या कर अपनी जान दे दी। जानकारी अनुसार परमेश्वर साहू उम्र 21 वर्ष जो बुधवार को रात्रि में अपने घर में ही फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराकर शव परिवार को सुपुर्द कर दिया गया है। पुलिस के अनुसार आत्महत्या का कारण अज्ञात है।

### भारतीय किसान संघ गुरुर ब्लाक की बैठक आज

**गुरूर।** भारतीय किसान संघ गुरुर ब्लाक की बैठक 28 सितंबर को दोपहर 1 बजे गायत्री मंदिर में रखी गई है। भारतीय किसान संघ के पदाधिकारी सावत राम साहू ने ब्लाक के सभी किसानों को आमंत्रित करते हुए जानकारी दी है कि बैठक में प्रमुख रूप से ब्लाक अध्यक्ष व पदाधिकारियों का गठन किया जाना है।

### सहायक प्राध्यापिका स्वाति को पीएचडी की उपाधि

**बालोद।** जिले के शासकीय घनश्याम सिंह गुप्त पीजी महाविद्यालय में विधि विषय की सहायक प्राध्यापिका स्वाति वैष्णव को पीएचडी की उपाधि मिली है। उन्होंने पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर के विधि अध्ययनशाला से उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 2019 के प्रावधानों का समालोचनात्मक मूल्यांकन छत्तीसगढ़ राज्य के रायपुर, दुर्ग, बेमेतरा जिले के विशेष संदर्भ विषय में अपना शोध कार्य पूरा किया है। उन्होंने यह शोध कार्य विधि अध्ययन शाला में सहायक प्राध्यापक के पद पर पदस्थ डॉक्टर वेणुधर रौतिया के निर्देशन में पूरा किया है। शोध कार्य की पूर्ण होने पर गाइड के द्वारा परिवारजनों एवं महाविद्यालय की ओर से हर्ष व्यक्त किया गया।

### विधायक अनिला कल करेंगी विभिन्न कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन

**डौंडीलोहारा।** विधायक अनिला भेंडिया का वनांचल क्षेत्र में एक दिवसीय दौरा 29 सितम्बर को होगा। इसमें विधायक विभिन्न कार्यक्रमों का लोकार्पण व भूमि पूजन करेंगी। विधायक प्रतिनिधि गोविंद चंद्राकर ने बताया कि विधायक सुबह 10.30 बजे वनांचल के ग्राम करियाटोला में प्राथमिक शाला के अतिरिक्त कमरा का भूमिपूजन कार्यक्रम में सम्मिलित होंगी।सुबह 11.10 बजे ग्राम कुरुभाठ में सामुदायिक भवन का भूमिपूजन कार्यक्रम होगा। सुबह 11.50 बजे ग्राम मंगचुवा के सामुदायिक भवन का लोकार्पण कार्यक्रम में शामिल होंगी। दोपहर 12.30 बजे ग्राम करतूटोला के सीसी रोड का भूमिपूजन करेंगी। इसके बाद 1.10 बजे ग्राम डुमाटोला में सामुदायिक भवन का लोकार्पण, दोपहर 2.30 बजे ग्राम रेंगाडबरी में मंगल भवन क लोकार्पण करेंगी। दोपहर 3.10 बजे ग्राम पुनारकसा में डोम शेड व यात्री प्रतीक्षालय का भूमिपूजन करेंगी।


# ग्रामीण अंचलों में झमाझम बारिश, सोयाबीन उत्पादकों के चेहरे खिले

## वर्षा पर निर्भर रहने वालों को मिली राहत, गुणवत्ता में होगी बढ़ोतरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

कृषि प्रधान एवं संपन्न जिले में पखवाड़ेभर तेज उमसभरी गर्मी के बीच झमाझम बारिश हुई, जो सोयाबीन की फसल के लिए काफी फायदेमंद साबित हो रही है। जिससे सोयाबीन उत्पादक किसानों के चेहरे खुशी से खिले उठे हैं।

बताया जा रहा है कि फिलहाल के सीजन में सोयाबीन की फसल अपनी अंतिम दौर में हैं। फसल के पककर तैयार होने के लिए अच्छी बारिश जरूरी थी। इस महीने के शुरुआती दिनों में जबरदस्त बारिश के कारण आई एकाएक बाढ़ के बाद मौसम काफी सूखामय हो गया था। विगत 10 दिनों से वर्षा नहीं होने कर कारण सोयाबीन के फसल पर असर दिखना शुरू हो गया था। किन्तु अचानक दो दिनों की जबरदस्त बारिश ने पुनः सोयाबीन की पौधों के लिए पर्याप्त पानी उपलब्ध करा दिया है।



दरअसल सोयाबीन के फसल के लिए पानी की काफी डिमाण्ड रहती है, जो फिलहाल वर्षा पर निर्भर रहती है।

### गुणवत्ता अच्छी होगी: विशेषज्ञ

विशेषज्ञों के मुताबिक सोयाबीन के फसल में अंकुरण के बाद लगातार पौधों को पानी जरूरत पड़ती है जिससे बीज बड़ा दानेदार होने के साथ उपज की क्वालिटी एवं मात्रा पर काफी फर्क पड़ता है वही इस दौरान खेतो में ज़रा सा पानी का अभाव होने पर इसका दुष्प्रभाव साफ दिखने लगता है। चूंकि अभी पानी की पूर्ति वर्षा से हो गयी है तो फसलों की गुणवत्ता में काफी असर डालेगा, जो काफी जरूरी भी है। लिहाजा दो दिनों की बारिश से सोयाबीन की उपज ले रहे किसानों के लिए राहतभरी रही।

## जिले में शर्मनाक घटना: 6 माह की गर्भवती होने पर खुला मामला, आरोपी फरार


# 13 साल की मानसिक दिव्यांग किशोरी से 7 माह दुष्कर्म, पीड़िता ने बच्ची को दिया जन्म

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले में एक 13 साल की ग्रामीण परिवेश की मानसिक दिव्यांग किशोरी के साथ दुष्कर्म का शर्मनाक मामला सामने आया है। मामले का खुलासा तब हुआ जब मासूम बच्ची ने एक नन्ही बच्ची को जन्म दिया। मामले में आरोपी पीड़िता के साथ करीब 6-7 महीने से दुष्कर्म करता रहा। इसके बाद पीड़िता के प्रेग्नेंट होने पर परिजनों को जानकारी हुई। पीड़िता के परिजनों की रिपोर्ट पर गांव के कोटवार के खिलाफ़ धारा 376 के तहत अपराध दर्ज कर मुख्य आरोपी बनाया गया है। इसके अलावा गांव के सरपंच प्रतिनिधि पति व अन्य लोगों का नाम शामिल हैं।

परिजन पीड़िता के बच्चे को गिराने के लिए दूसरे शहर के अस्पताल में ले गए थे। जहां डॉक्टर ने इस स्थिति में नहीं करने पर अपना हाथ खड़ा कर दिया। पीड़िता के नाना ने थाना में शिकायत दर्ज कराई कि जिसमें

## कोटवार के खिलाफ दुष्कर्म का मामला दर्ज, एफआईआर में सरपंच प्रतिनिधि सहित अन्य का नाम शामिल



### पीड़िता को जबरदस्ती ले गए डॉक्टर के पास

पीड़िता के नाना ने बताया कि शहर से बाहर सरपंच पति एवं कोटवार के रिश्तेदार को पता चलते ही नातिन को ईलाज के लिए जबरदस्ती कहीं ले गए। जहां डॉक्टर ने चेक करने पर मेरी नातिन को 6 से 7 माह की गर्भवती होना बताया। नातिन से घर में आकर पूछने पर बताया कि गांव का कोटवार अपने घर ले जाकर मेरा शारीरिक शोषण किया। रिपोर्ट करने की जानकारी मिलने पर सरपंच पति एवं कोटवार गांव से फरार हो गए हैं।

नातिन लंबे समय से उसके घर में रह रही है। नातिन कक्षा सातवीं की पढ़ाई कर रही है। दो-तीन दिन पूर्व मेरी नातिन अपने पेट दर्द होने की बात बताइए। जिससे गांव के बैगा को बुलाकर चेक करवाएं, तो उसने ने बताया कि तुम्हारी नातिन पेट से है। मेरी नातिन को सरपंच प्रतिनिधि, कोटवार व उसके रिश्तेदार दूसरे शहर डॉक्टर के पास ले गए थे।

### आरोपियों की तलाश जारी

सिटी कोतवाली प्रभारी राकेश साहू ने बताया कि परिजनों ने एफआईआर दर्ज होने के बाद नातिन की चिंता जताई है। आवेदन के अनुसार इन लोगों द्वारा कुछ भी घटना की जा सकती है। पीड़िता कक्षा छठवीं की छात्रा है। जिसे दूसरे शहर में इलाज नहीं मिलने पर एक सरकारी अस्पताल लाया। यहां पीड़िता ने बच्ची को जन्म दिया। पुलिस टीम का गठन आरोपियों की तलाश जारी है।

# खुलेआम दौड़ रहे ओवरलोड वाहनों पर कार्रवाई नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

परिवहन विभाग की उदासीनता एवं निर्ष्क्रियता सड़को पर नजर आ रही है। देखा जा रहा है कि इन दिनों सड़को पर आरटीओ कानून की सरेराह धज्जियां उड़ाई जा रही है। जिलेभर के विभिन्न इलाकों में स्थित अधिकांश सड़को पर आरटीओ विभाग के नियम-कायदे को ताक में रखकर वाहनों के माध्यम से परिवहन का कार्य हो रहा है। जबकि जिम्मेदार आला-अधिकारी इस मामले में अनजान बनकर ऐसे नियम विपरीत परिवहन को संरक्षण दे रहे है। लिहाजा सड़को पर तय मापदण्डो से ज्यादा सामानों को ढो कर एक स्थान से दूसरे स्थान ले जाया जा रहा है। जिसके कारण सड़को पर हादसे की सम्भावना बनी रहती है। बीते दिनों दुर्ग-बेमेतरा स्टेट हाइवे पर ही एक वाहन बड़ी मात्रा में भूसा भरकर जा रहा था जो

- आरटीओ विभाग की नियमों को दरकिनार कर रहे हैं परिवहन



देवरबीजा-कोदवा के बीच लगाम ढीली पड़ने पर गिर गया जिससे बड़ी मात्रा में भुसा सड़क पर बिखरा पड़ा मिला। वही इसी तरह बेमेतरा के अन्य इलाकों में मटेरियल एवं अन्य सामान रोजाना अतिभार वाहनों से गिरते नज़र आते है जिसके कारण सड़को पर अव्यवस्था एवं असुविधा की स्थिति निर्मित हो जाती है। ओर आमजनों को सड़क पर से गुजरना काफी चुनौतीपूर्ण हो जाता है। वही आरटीओ प्रशासन द्वारा इस सम्बंध में कोई खास चालानी कार्यवाही की जाती है और न ही मौके पर कभी ठीक से निरीक्षण की जाती है लिहाजा सड़को पर रोजाना नियम कानून के उल्लंघन करते हुए लगातार सैकड़ो की तादाद में ओवरलोड वाहनों का आवाजाही हो रही है जिस पर एक्शन लेना काफी जरूरी है।

# कांग्रेस नेताओं ने जिला पंचायत क्षेत्र का विकास 4 साल रोके रखा : प्रज्ञा निर्वाणी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

ग्राम पंचायत पिपरभट्ठा में महामाया से बगीचा तक सीसी रोड निर्माण के भूमिपूजन के लिए पहुंची जिला पंचायत सदस्य प्रज्ञा निर्वाणी ने पुरानी सरकार के जिले के नेताओ को आड़े हाथ लिया। उन्होंने ग्रामीणों से कहा कि कांग्रेस के तात्कालिक विधायकों ने 4 साल से पूरे जिला पंचायत क्षेत्र के कामों को रोके रखा था। इसका कारण उनके मन की असुरक्षा बोध ही थी। बेमेतरा में जिला पंचायत सदस्यों के 14 व 15 वित्त की राशि जिससे ग्रामीण अंचलों में विकास कार्य होना था। करोड़ों की विकास राशि को रोके

- पिपरभट्ठा में महामाया से बगीचा तक सीसी रोड निर्माण का भूमिपूजन




रहे। उनकी सोच थी कि अगर जिला पंचायत सदस्य अपने क्षेत्रों में काम करवाएंगे तो जनता के बीच उनकी लोकप्रियता बढ़ेगी,आगे चलकर उनके टिकिट के लिए खतरा बन सकते हैं।

इसी असुरक्षा बोध से ग्रस्त कुंठित नेताओं ने जनता के विश्वास के साथ घात किया। प्रज्ञा निर्वाणी ने उपस्थित सचिव, इंजीनियर को चेताते हुए कहा कि जिला पंचायत की निधि से निर्मित होने वाली इस सीमेंट रोड गुणवत्ता से समझौता नहीं होना चाहिए। साय सरकार भ्रष्टाचार मिटाने प्रतिबद्ध है। इस दौरान मंच संचालन रूपेश पाण्डेय ने किया। भूमिपूजन कार्यक्रम की अध्यक्षता जनपद सदस्य सबिया मोनू पाल,अतिथि छोटे लाल साहू, विष्णु साहू, कपिल वर्मा,दसरथ साहू,थालेश्वर साहू,बल्लू साहू एवं सरपंच उपसरपंच सहित सचिव विजय वर्मा की उपस्थिति रही।

## बारिश भी नहीं तोड़ पाई आंदोलनकारियों का हौसला

# पथर्रा में एथेनाल प्लांट को बंद करने के लिए पांचवें दिन भी हुआ प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

ग्राम पथर्रा में एथेनाल प्लांट को बंद करने के लिए पांचवें दिन भी प्रदर्शन जारी रहा। शुक्रवार को बारिश भी इस अभियान को नहीं रोक पाई। बारिश में भीग कर भी लोग धरना स्थल पर डटे रहे। प्लांट के खिलाफ ग्रामीण ट्रैक्टर में भरकर हर दिन आसपास के गांव से लगातार आ रहे है। पांच दिन गुजर जाने के बाद भी शासन प्रशासन द्वारा आंदोलनरत किसानों की मांगों को अनसुना करने की रणनीति से आक्रोश बना हुआ है।

- ट्रैक्टर से आसपास के लोग पहुंचते रहे धरनास्थल

आंदोलनरत ग्रामीणों का कहना है कि ऐसा लग रहा है की शांति पूर्ण आंदोलन की बात कह कर प्रशासन





जनता को बेवकूफ बना कर उन्हे गुमराह कर रहा है और उद्योगपतियों की मदद कर रहे है। प्रशासन भी वादा निभाने में अभी तक असफल रहा है। अपने कहे अनुसार अभी तक जांच टीम तक गठित नहीं कर पाया है। प्रदर्शन के बीच एक ओवरलोड टिप्पर जो प्लांट जाने का प्रयास कर रहा थी, प्रदर्शनकारियों ने रोक कर, मौजूद पुलिस वालों से कार्रवाई करने मांग किए जिसे लेकर कुछ देर तक बहस की स्थित उत्पन्न हो गई थी।

ग्रामीण का कहना है कि आग्रह किया गया परंतु,पुलिस वालों ने उस टिपर को बिना कार्रवाई के स्थल से भगा दिया गया।

### आंदोलनकारियों की संख्या में लगातार हो रहा इजाफा

लगातार पांचवें दिन प्रदर्शनकरियों की संख्या में इजाफा दिखा। प्रतिदिन दोपहर दो बजे के बाद से आंदोलनकारियों की संख्या बढ़ जाती है। आंदोलन के लिए उपस्थित जनसमूह की ओर से आर्थिक सहयोग भी मिल रहा है। जिससे इस आंदोलन के सक्रियता और समर्थन को ताकत मिल रही है।

## मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन, प्रदेश सरकार के खिलाफ मोदी की गारंटी पूरी करो की करते रहे नारेबाजी

# 4 सूत्रीय मांग को लेकर कर्मचारी फेडरेशन रहे हड़ताल पर, दिया धरना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

शासन से 4 सूत्रीय मांग को भोजन कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के प्रांतीय आह्वान पर हड़ताल एवं धरना प्रदर्शन का असर जिले में भी रहा है। जिले के शासकीय कार्यालय में कामकाज ठप रहा।

तहसील कार्यालय के सामने कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के पदाधिकारी हुआ सदस्य एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कर प्रदेश सरकार के खिलाफ मोदी की गारंटी पूरी करो को नारेबाजी करते रहे। धरने के पश्चात मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया।

संगठन के नेताओं ने बताया कि हमारी 4 सूत्रीय मांग है जिसे लंबे समय की जा रही है बीते चुनाव में




जिसे घोषणा पत्र में मोदी की गारंटी के रूप में वादा किया गया था।

छत्तीसगढ़ अधिकारी कर्मचारी फेडरेशन प्रदेश सरकार से वादे के अनुरुप वे हमारी मांग 4% डी ए , वर्ष 2019 से डीए एरियस की राशि जीपीएफ खाता में जमा हो ,केंद्र के समान सातवे वेतन मान पर एचआर चार स्तरीय वेतनमान दिया जाए। इस हड़ताल एवं धरना प्रदर्शन मे मुख्य रूप से सयोजक कर्मचारी अधिकारी फ़ेडरेशन अश्वनी बेनर्जी, महासचिव नानक साहू, बलदाऊ पटेल उपसयोजक, बोधी राम निषाद जिलाध्यक्ष पटवारी संघ, सविता ठाकुर, विनोद वैष्णव, किरण सोनी, सिद्धार्थ चतवारे, योगेंद्र भार्गव, सुषमा ठाकुर, लाकेश्वरी पदमाबाई, केके तिवारी, आरके वर्मा, रोमन जायसवाल, केएस परते , कमलेश शर्मा, सेउक राम साहू, जीएल खुटियारे, सुधीर हरि श्रीवास्तव, सुरेंद्र पटेल, मुरारी भुवाल, हितेंद्र सिन्हा, धर्मेंद्र शर्मा, राजेश ठाकुर, शैलेन्द्र जायसवाल, नलेश्वर साहू, महेश्वर श्रीवास, सनत वैष्णव , बिरेन्द्र यादव, सोहन साहू, संजय मानिकपुरी, अनिल जांगड़े, रामकुमार डडसेना, ईश्वरी घृतलहरे, रामकुमार टंडन, राजेश यादव, तोप सिंह पटेल सहित सभी विभाग के पदाधिकारी एवं कर्मचारी अधिकारी शामिल रहे।



### अखंड राम नाम सम्मेलन होगा आज से


**बालोद/कलंगपुर।** ग्राम जोरातराई (आर) में संयुक्त तत्वावधान में 28 सितंबर से 1 अक्टूबर तक तक तीन दिवसीय भव्य संगीतमय अखंड राम नाम सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। आयोजन का यह 73वां वर्ष ह कार्यक्रम का शुभारंभ व दीपप्रज्वलन 28 सितंबर को दोपहर 2 बजे से आमंत्रित अतिथियों द्वारा होगा। प्रथम दिवस जय मार्या रामधुनी मंडली ग्राम राजपुर ( मगरलोड) की प्रस्तुति रात्रि 8 बजे से होगी। द्वितीय दिवस अपरान्ह 11 बजे से श्रद्धा सुमन रामधुनी मंडली ग्राम बकली (कुरूद), जय मां शीतला रामधुनी मंडली जोरातराई, जय बजरंग रामधुनी मंडली पचपेड़ी (गरियाबंद) की प्रस्तुती होगी। रात्रि 8 बजे से तृतीय दिवस जय मां विंध्यवासिनी अक्षरा की छांव रामधुनी मंडली ग्राम गोकुलपुर( धमतरी), मोर माटी के चंदन रामधुनी मंडली ग्राम गिरोद (मगरलोड), श्री गणेश फाग एवं रामधुनी मंडली भटगांव (धमतरी) होगी।

**पाठक सूचना**

बालोद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9425559113, 9425565082
दल्लीराजहरा - 9993246100

## खबर संक्षेप



### विधायक साहू ने दो परिवारों को दी सहायता राशि

**रायपुर**। रायपुर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के माना मण्डल, बीएसयूपी कॉलोनी अमलीडीह निवासी नेहा बाई दीप के पुत्र विवेक दीप एवं विनीता राउत के पुत्र तेजस राउत की 17 सितंबर को अपना गार्डन तालाब अमलीडीह में डूबने से मौत हो गई थी। विधायक मोतीलाल साहू के प्रयास से राज्य सरकार द्वारा जिला प्रशासन के माध्यम से दोनों मृतक बच्चों के परिवारों को सहायता राशि के रूप में चार-चार लाख रुपए का चेक विधायक श्री साहू के हाथों से प्रदान किया गया।

### महाराष्ट्र मंडल ने कॉलेज में किया पौधारोपण



**रायपुर**। शासकीय अभियांत्रिकी महाविद्यालय (जीईसी) सेजबहार में बुधवार को महाराष्ट्र मंडल की पर्यावरण समिति ने बड़े पैमाने पर छायादार और फलदार पौधे रोपे। इस मौके पर कॉलेज परिसर में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) से जुड़े 300 स्वयंसेवकों का सहयोग उल्लेखनीय रहा। इसी दौरान पर्यावरण समिति के विशेष सलाहकार जेएस उरकुरकर ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वस्थ और बेहतर जीवन जीने के लिए आपके आसपास 33 प्रतिशत जंगल होने बहुत जरूरी हैं।

### 200 लोगों ने एक साथ योग निद्रा का लिया लाभ

**रायपुर**। ऋषि चैतन्य ट्रस्ट द्वारा राजधानी रायपुर स्थित मुहूर्त रिजॉर्ट रिंगरोड नंबर 3 में विगत दिनों योगनिद्रा कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें 200 लोगों ने एक साथ योगनिद्रा का लाभ लिया और लोगों को जीवन में रूपांतरण का रहस्य इस योगनिद्रा कार्यक्रम के माध्यम से सिखाया गया। कार्यक्रम आनंदमूर्ति गुरुमां के मार्ग निर्देशन में किया गया। योगनिद्रा के कई लाभ हैं, जिनमें हाई बीपी पर नियंत्रण, कोलेस्ट्रॉल कम करना, अनिद्रा, तनाव, और हृदयरोग दूर करना शामिल हैं। यह विधि स्कूल और कॉलेज के विद्यार्थियों के लिए भी वरदान है।



### तेली इंजीनियर्स वेलफेयर एसो. का सम्मान समारोह



**रायपुर**। तेली इंजीनियर्स वेलफेयर एसोसिएशन छत्तीसगढ़ द्वारा वृंदावन हॉल कबीर चौक काली मंदिर में विगत दिनों सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर तेली इंजीनियर्स समिति अध्यक्ष इंजी. रामनाथ साहू, कार्यकारी अध्यक्ष राम साहू, महासचिव टीकाराम साहू, कोषाध्यक्ष राधेश्याम साहू. उपकोषाध्यक्ष मनीष साहू ने सभी अतिथियों का प्रतीक चिन्ह और काली हल्दी का पौधा भेंट कर सम्मानित किया।

### पौधारोपण में नुकसान की भरपाई डीएफओ को छोड़ शेष अफसरों से, भड़के कर्मचारी

**रायपुर**। शासन स्तर पर हर वर्ष वन विभाग द्वारा पौधारोपण किया जाता है। वन विभाग ज्यादातर अपनी भूमि में पौधारोपण का कार्य करता है। शासन द्वारा रहवासी क्षेत्र में जगह उपलब्ध कराने पर वन विभाग पौधारोपण करता है। पौधों की उचित देखभाल नहीं होने की स्थिति में वन अफसर के साथ कर्मियों से वसूली करने का प्रावधान शासन ने किया है। इसमें डीएफओ से लेकर परिसर सहायक तक की जिम्मेदारी तय की गई है। राज्य वन सेवा संघ ने आरोप लगाया है कि वन मुख्यालय ने शासन के निर्देश की अनदेखी करते हुए डीएफओ को नुकसान की भरपाई से मुक्त कर दिया है। नुकसान की भरपाई का सारा दोष राज्य वन सेवा कर्मचारियों पर थोप दिया है।

# जोन अध्यक्ष के विरोध के बाद सामान्य सभा की तारीख बदली, अब 4 को होगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

- कांग्रेस पार्षद दल की बैठक में जोन अध्यक्ष आकाशदीप शर्मा ने जताया था विरोध
- नवरात्रि के पहले दिन सभा रखने पर नाराजगी का असर

रायपुर नगर निगम की सामान्य सभा की बैठक अब 3 अक्टूबर की जगह 4 अक्टूबर को प्रातः 11 बजे गांधी सदन के सामान्य सभागार में होगी। गत दिनों महापौर एजाज ढेबर द्वारा सामान्य सभा की तैयारी को लेकर कांग्रेस पार्षद दल की बैठक बुलाई गई।

इसमें लेफ्टिनेंट अरविंद दीक्षित वार्ड पार्षद व जोन 10 अध्यक्ष आकाशदीप शर्मा ने महापौर के सामने नवरात्रि के पहले ही दिन निगम की सामान्य सभा आयोजित करने पर नाराजगी जताते हुए इसकी तिथि में बदलाव की मांग की। उनकी इस बात का बैठक में मौजूद कांग्रेसी पार्षदों ने समर्थन कर सामान्य सभा की बैठक की तिथि में परिवर्तन पर जोर दिया। विदित हो, नगर निगम के पूर्व नेता प्रतिपक्ष सूर्यकांत राठौर ने भी नवरात्रि के पहले ही दिन सामान्य सभा की बैठक रखने पर आपत्ति जताई थी। इन सबके कारण महापौर और सभापति ने आपस में चर्चा कर 4 तारीख को सामान्य सभा आयोजित करने निर्णय लिया। शहरी सरकार के इस कार्यकाल की अंतिम सामान्य सभा 4 अक्टूबर को सामान्य सभागार में प्रातः 11 बजे से आयोजित होगी।

सभापति प्रमोद दुबे के आदेश अनुसार नगर निगम सचिवालय द्वारा अब संशोधन अनुसार 4 अक्टूबर को सामान्य सभा की बैठक रखी गई है। बैठक की शुरूआत में 1 घंटे का समय प्रश्नकाल के लिए रखा गया है। इसमें पार्षदों द्वारा पूछे गये जनहित के विषयों को शामिल किया जाएगा। इसके बाद नियम अनुसार निर्धारित एजेंडों पर विषयवार चर्चा होगी। नगर निगम के अपर आयुक्त और निगम सचिव विनोद पांडे इस बात की जानकारी दी।

### प्रश्नकाल में इन पार्षदों ने लगाए सवाल



*0 डॉ. प्रमोद कुमार साहू, पार्षद महात्मा गांधी वार्ड*

प्रश्न 1 शहर में यूनीपोल लगाने के नियम व मापदंड को लेकर अनेक आपत्तियां लगी, संबंधित एजेंसी पर कई आरोप लगाय गये। इसके बाद पूरे मामले की जांच करने का निर्णय हुआ। जांच में क्या पाया गया, पूरी रिपोर्ट बताने का कष्ट करें?

प्रश्न 2 वित्तीय वर्ष 2022 -23 और 2023-24 में निगम क्षेत्र में रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा विभिन्न उद्यानों में सौंदर्यीकरण का कार्य किया गया है। किन-किन उद्यानों के लिए कितनी राशि का कार्य किया गया, कार्य की स्थिति क्रमवार बतायें ?

*0 मीनल चौबे, नेता प्रतिपक्ष*

प्रश्न 1 निगम मुख्यालय के सामने स्थित उद्यान में दोनों ओर कितनी भूमि व्यवसायिक उपयोग के लिए दी गई है, किन शर्तो पर दी गई है ? भूमि विकास अधिनियम के तहत कितने प्रतिशत तक जमीन छोड़ने का नियम है, उसकी उपयोगिता किन-किन प्रयोजनों के लिए किया जा सकता है स्पष्ट करें ?

प्रश्न 2 नगर निगम की विज्ञापन होर्डिंग नीति क्या है और कौन-कौन सी है ? निजी घरों और दुकानों में इसके लगाने के मापदंड और शर्त क्या हैं, वर्तमान परिषद के कार्यकाल में विज्ञापन से नगर निगम को कितनी आमदनी हुई है और उसे किन कार्यों में खर्च किया गया ?

*0 भोलाराम साहू पार्षद, संतराम दास वार्ड*

प्रश्न 1 कबीर चौक रामनगर से दिशा कालेज तक भूमिगत नाला निर्माण कब तक चालू होगा, पिछले 2 बार के सामान्य सभा में प्रश्न लगाया पर मगर अब तक उस कार्य को प्राथमिकता नहीं दी गई क्यों?

प्रश्न 2 कबीर चौक के निर्माण में चार कालम व चबूतरा निर्माण कर रंगरोगन किया गया है, इसकी लागत 50 लाख बताई जा रही है, निर्माण कार्य की जांच कराकर पूर्ण जानकारी उपलब्ध करायें ?

# जियो ट्रैकिंग डिवाइस ने गिद्ध का पता बताया, घायल वल्चर को उड़ान भरने किया आजाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर



- महाराष्ट्र से उड़ान भरी, निर्जलीकरण की वजह से महासमुंद में बेसुध होकर गिरा था

बॉम्बे नेचुरल हिस्ट्री सोसाइटी (बीएनएचएस), ताडोबा अंधारी टाइगर रिजर्व द्वारा भारत में संकटग्रस्त वाईट रुम्पड गिद्ध की गतिविधियों को ट्रैक करने 10 गिद्धों में जियो ट्रैकिंग डिवाइस लगाया गया। उसी जियो ट्रैकिंग डिवाइस की मदद से वन विभाग ने एक घायल गिद्ध को रेस्क्यू कर उपचार करने के एक माह बाद वापस गुरुवार को प्राकृतिक रहवास में छोड़ा है। छोड़े गए रेस्क्यू गिद्ध का वजन पौने पांच किलो के करीब है।

गौरतलब है कि वाईट रुम्पड गिद्ध की गतिविधियों पर नजर रखने बीएनएचएस तथा ताडोबा अंधारी टाइगर रिजर्व द्वारा अभियान शुरू किया गया है। इसी कड़ी में पिंजौर से 13 अगस्त को 10 गिद्धों में जियो टैग लगाकर छोड़ा गया। छोड़े गए गिद्धों में एक गिद्ध महाराष्ट्र, चंद्रपुर से उड़ान भरकर पांच सौ किलोमीटर की दूरी तय करते हुए इंद्रावती टाइगर रिजर्व होते हुए महासमुंद के जंगल में पहुंचा।

### गतिविधि शून्य होने पर तलाश

गिद्धों की गतिविधि पर निगरानी रखने लगाए गए जियो ट्रैकिंग डिवाइस में एक गिद्ध की गतिविधि पांच सौ किलोमीटर उड़ान भरने के बाद शून्य पर आ गई। इसके बाद निगरानी दल ने गिद्ध की खोजबीन शुरू की, तब उन्हें गिद्ध का लोकेशन महासमुंद, बागबहरा रेंज के जंगल में मिला। गिद्ध को वन अफसरों ने 26 अगस्त को ट्रैक कर पशु चिकित्सक की मदद से जंगल सफारी लेकर आए। रेस्क्यू गिद्ध पानी की कमी तथा थकान की वजह से आगे की उड़ान नहीं भर पाया। जंगल सफारी में उपचार के बाद गिद्ध को वापस उसके प्राकृतिक रहवास क्षेत्र में छोड़ा गया।

## मुख्यमंत्री के दौरे पर होने के कारण कौशल्या देवी साय ने की मेजबानी

# नई दिल्ली से लौटे माओवादी हिंसा पीड़ित, मुख्यमंत्री निवास में स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में गुरुवार को दिल्ली से लौटे माओवादी हिंसा से पीड़ित बस्तर के लगभग 55 नागरिकों को आमंत्रित किया गया। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय मौसम खराब होने के कारण उड़ान बाधित होने से कार्यक्रम में शामिल नहीं हो पाए। उनकी अनुपस्थिति में उनकी धर्मपत्नी कौशल्या देवी साय ने माओवादी हिंसा पीड़ित बस्तरवासियों का स्वागत किया।

कौशल्या देवी साय ने नक्सल पीड़ितों को मुख्यमंत्री का संदेश देते हुए कहा, आप सभी बस्तर के नागरिकों का साहस प्रशंसनीय है। आपके साहस, कठिन परिश्रम और प्रयासों के कारण ही बस्तर में शांति लौटी है। आपने माओवादी आतंक को अपनी आंखों से देखा, जिया और झेला है। आपने बड़े साहस के साथ इस त्रासदी का सामना किया है। उन्होंने सभी अतिथियों को उपहार स्वरूप एक बैग, ट्रैक सूट भेंट किया। उन्होंने इस दौरान यह भी पूछा कि दिल्ली यात्रा के अनुभव कैसा रहा, जिस पर सभी ने एक स्वर में कहा, यह यात्रा बहुत अच्छी रही और कई ग्रामीणों ने पहली बार हवाई जहाज में यात्रा का अनुभव भी साझा किया।




### यात्रा का उद्देश्य-नक्सल समर्थक समूहों द्वारा फैलाए झूठ का खुलासा करना

गौरतलब है कि माओवादी हिंसा से पीड़ति ये नागरिक हाल ही में दिल्ली के जंतर मंतर और जेएनयू में आंदोलन करने के साथ-साथ राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात कर नक्सलियों के कृत्यों से हुई परेशानियों को साझा कर चुके हैं। इनकी दिल्ली यात्रा का मुख्य उद्देश्य नक्सल समर्थक समूहों द्वारा फैलाए झूठ का खुलासा करना, हिंसा से प्रभावित लोगों की आवाज को दिल्ली तक पहुंचाना था। इस अवसर पर विधायक ईश्वर साहू और बस्तर शांति समिति के सदस्य उपस्थित थे।


- सभी अतिथियों को उपहार स्वरूप एक बैग, ट्रैक सूट भेंट किया
- ग्रामीणों ने पहली बार हवाई जहाज में यात्रा का अनुभव भी साझा किया

### पूरे देश ने जाना माओवादी हिंसा का दर्द : शर्मा

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा, मुख्यमंत्री के नेतृत्व में राज्य सरकार के प्रयास से बस्तर में विकास कार्यों को गति मिली है। आपने दिल्ली जाकर बस्तर की व्यथा को केंद्र सरकार और पूरे देश के सामने रखा, जो आज तक किसी ने नहीं किया था। माओवादी हिंसा का दर्द अब पूरे देश ने जाना है। उन्होंने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के दृढ़ संकल्प का उल्लेख करते हुए कहा, बस्तर से नक्सलवाद का समूल नाश करना है। आपने नक्सलियों की गोलियों और आईईडी के खतरे के बीच अपने साहस का परिचय दिया। बंदूक और हिंसा से विकास संभव नहीं है। अब समय आ गया है कि बस्तर शांति और विकास की दिशा में आगे बढ़े।

# फिंगर प्रिंट से बचने चोर ने हाथ को प्लास्टिक से बांधा, दुकान के गल्ले से ले उड़ा साढ़े तीन लाख

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर



- चोरी की वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद, पुराने नौकरों पर आशंका
- आजाद चौक थाना क्षेत्र में तड़के चार बजे की घटना

आजाद चौक थाना क्षेत्र के लाखेनगर चौक पर संचालित एक कपड़े की दुकान में अज्ञात चोर ने छत के रास्ते अंदर प्रवेश कर नकदी साढ़े तीन लाख रुपए पर हाथ साफ कर दिया। चोरी की पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। सीसीटीवी कैमरे में दिख रहा चोर दराज में फिंगर प्रिंट न आए, इसके लिए उसने डस्टबिन में पड़े एक प्लास्टिक के कैरी बैग को अपने हाथ में लपेट लिया, इसके बाद चोरी की घटना को अंजाम दिया। लक्ष्मी कलेक्शन के संचालक प्रदीप पृथवानी के मुताबिक उनकी लाखेनगर चौक के पास लक्ष्मी कलेक्शन नाम से कपड़े की दुकान है। गुरुवार सुबह प्रदीप ने दुकान खोली, तो उसने देखा काउंटर में दराज का ताला टूटा हुआ है। छत में लगा दरवाजा टूटा हुआ है। पृथ्वी के अनुसार दराज में कैश साढ़े तीन लाख रुपए रखा था, जिसे चोर ने चोरी कर लिया। घटना की दुकान संचालक ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। दुकान संचालक ने अपने किसी पुराने कर्मचारी पर दुकान में चोरी करने की आशंका जताई है।

### एक महीने के भीतर तीन दुकान के ताले टूटे

लाखेनगर पुरानी बस्ती थाने से सटा हुआ है। इस मार्ग पर कई दुकानें संचालित हो रही हैं। स्थानीय कारोबारियों के मुताबिक लाखेनगर चौक स्थित अन्य दो कपड़े की दुकान में चोरी की घटनाएं एक माह के अंदर हुई हैं। पुलिस उन चोरी की घटनाओं के आरोपियों के बारे में अब तक कोई सुराग नही ढूंढ पाई है। स्थानीय रहवासियों ने आरोप लगाया है कि आजाद चौक तथा पुरानी बस्ती थाना से सटे होने के बाद भी उन्हें किसी तरह से राहत नहीं मिल रही।

# बोरियाखुर्द कांदुल मार्ग पर सरकारी जमीन से हटाया अवैध कब्जा

- तहसीलदार और नगर निवेश जोन 10 की संयुक्त टीम ने की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर



- रहवासियों ने तोड़फोड़ में पक्षपात करने का लगाया आरोप

नगर निगम जोन 10 क्षेत्र स्थित कामरेड सुधीर मुखर्जी वार्ड के बोरियाखुर्द कांदुल मार्ग पर सरकारी जमीन पर किये जा रहे अवैध निर्माण को निगम की टीम ने पुलिस बल और तहसीलदार की मौजूदगी में तोड़ गिराया। श्रीराम मैरिज के सामने नगर निगम से बिना अनुमति लिए नहर नाली की जमीन पर अवैध निर्माण करने की शिकायत पर निगम अमले ने कार्रवाई की।

कांदुल मार्ग पर सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा कर निर्माण करने वालों के खिलाफ गुरुवार को तोड़ूदस्ते ने तोड़फोड़ की कार्रवाई की। सरकारी जमीन पर निगम की अनुमति बिना अवैध निर्माण को लेकर मिल रही शिकायत के आधार पर तहसीलदार के प्रतिवेदन पर यह एक्शन लिया गया है। सूत्रों के मुताबिक सरकारी प्रतिवेदन में 17 लोगों का नाम अवैध निर्माण के तोड़फोड़ के लिए दर्ज था, पर राजनीतिक पहुंच के कारण निगम की टीम ने केवल 3 लोगों के कच्चे निर्माण को जेसीबी मशीन से तोड़ गिराया। बाकी के द्वारा बिना अनुमति कराये गये अवैध निर्माण को वैसे ही छोड़ दिया गया है। इस बात को लेकर रहवासियों में खासी नाराजगी है। उनका ये भी कहना है कि एक अरसे से वे कांदुल रोड किनारे रह रहे थे। बिजली का बिल और टैक्स का भुगतान करने के बाद भी उनके द्वारा किये गये निर्माण को द्वेषवश तोड़ा गया है। तोड़फोड़ के दौरान पुलिस प्रशासन की टीम, जोन 10 कमिश्नर राकेश शर्मा सहित नगर निवेश जोन 10 की टीम मौजूद रही।

# शौकिया दोपहिया वाहन चोर गिरफ्तार यू-ट्यूब से सीखा चोरी करने का तरीका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

मंदिर हसौद थाना क्षेत्र में पुलिस ने एक शौकिया वाहन चोर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से अलग-अलग थाना क्षेत्रों से चोरी के एक दर्जन दोपहिया वाहन जब्त किए हैं। दोपहिया वाहन चोरी के आरोप में पकड़ा गया चोर चोरी के दोपहिया को बेचने की जगह पेट्रोल समाप्त होने तक घूमता और पेट्रोल समाप्त हो जाने की स्थिति में वह दोपहिया को वहीं छोड़कर भाग जाता था। पुलिस के अनुसार दोपहिया वाहन चोरी करने के आरोप में तिल्दा निवासी कैलाश नौरंगे को गिरफ्तार किया गया है। कैलाश पूर्व में भी दोपहिया वाहन चोरी करने के आरोप में जेल जा चुका है। पुलिस के अनुसार कैलाश रायपुर के साथ अन्य जिलों में भी दोपहिया वाहन चोरी की घटना को अंजाम दे चुका है। कैलाश ने पुलिस को पूछताछ में बताया है कि वह रायपुर जिला के अलावा कोरबा, बिलासपुर सहित कई अन्य जिलों में दोपहिया वाहन चोरी की घटना को अंजाम दे चुका है।




चोरी किए वाहन से पेट्रोल समाप्त होने तक घूमता, पेट्रोल खत्म होने पर अन्य वाहन तलाशता

### हैंडल लॉक को छोड़ अन्य दोपहिया चोरी करता था

पुलिस के अनुसार कैलाश ने यू-ट्यूब से वाहन चोरी करना सीखा है। जिन दोपहिया वाहन में हैंडल लॉक लगा होता था, कैलाश उन दोपहिया वाहनों की चोरी नहीं करता था। पुलिस के अनुसार हैंडल लॉक तोड़ नहीं पाने की वजह से कैलाश उन वाहनों को चोरी नहीं करता था। कैलाश बड़ी ही सफाई से ब्लेड से दोपहिया वाहन का केबल काट चोरी कर ले जाता था।

### लावारिस हालत में मिले ज्यादातर दोपहिया

पुलिस ने चोरी की जो दोपहिया जब्त की है, उनमें से ज्यादातर दोपहिया लावारिस हालत में रोड किनारे पुलिस को मिली थीं, जिसे पुलिस ने सुरक्षा के लिहाज से थानों में खड़ी कर दिया था। थानों में जो दोपहिया मिली, उनमें से ज्यादातर दोपहिया को अलग-अलग ढाबा संचालकों ने पुलिस के पास जमा किया था। पुलिस के अनुसार कैलाश किसी ढाबा में खाना खाने जाता था, वहां पैसा नहीं होने का झांसा देकर गिरवी के तौर पर दोपहिया छोड़कर भाग जाता था।

# शहरवासियों को शाम के समय नहीं मिला पानी, 45 टंकियों में जलभराव बाधित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर



- फिल्टर प्लांट फीडर में विद्युत सुधार का कार्य
- सुबह के समय स्टोर किये पानी से चलाया काम

शहर में गुरुवार शाम लोगों को नगर निगम के नलों से पानी नहीं मिला। फिल्टर प्लांट के फीडर में विद्युत सुधार कार्य के कारण नगर निगम की नई व पुरानी 45 टंकियों में जलभराव नहीं होने से टंकियां सूखी रहीं। हालांकि लोगों ने सुबह के समय ही अपनी जरूरत के हिसाब से शाम के समय के लिए पानी सुरक्षित रख लिया था। फिल्टर प्लांट के कार्यपालन अभियंता शरद ध्रुव ने बताया कि शाम 5 बजे 45 पानी टंकियों को भरने के साथ ही शुक्रवार सुबह नियमित जल आपूर्ति शुरू हो जाएगी।

दरअसल, छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी द्वारा 33 केवी लाइन विस्तार और आवश्यक सुधार कार्य के लिए गुरुवार को फिल्टर प्लांट फीडर में केव्ही इंटेकवेल आउटगोइंग और 11 केवी फिल्टर प्लांट फीडर में सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक विद्युत आपूर्ति बंद रही। इसके कारण 47.5 एमएलडी प्लांट, 80 एमएलडी के नए और पुराने प्लांट सहित 150 एमएलडी क्षमता से भरी जाने वाली सभी टंकियों में सुबह की नियमित जल आपूर्ति के बाद शाम के समय जल आपूर्ति पूरी तरह प्रभावित रही।

विद्युत सुधार का काम पूरा होने के बाद फिल्टर प्लांट के संबंधित प्लांट से 45 पानी टंकियों को भरने का कार्य किया गया। जल विभाग के अधिकारियों का कहना है, शुक्रवार की सुबह लोगों को नलों से नियमित रूप से पानी मिलने लगेगा।

# अब डिस्पेंसरी मजदूरों को सीधे विशेषज्ञ हॉस्पिटल में कर सकेंगे रेफर

- ईएसआईसी अस्पतालों में सुविधा बढ़ाने, चार स्थानों में नए औषधालय प्रारंभ करने पर जोर
- कर्मचारी राज्य बीमा निगम की क्षेत्रीय परिषद की बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

कर्मचारी राज्य बीमा निगम की क्षेत्रीय परिषद की बैठक में प्रदेश के श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि ऐसी व्यवस्था बनाएं जिसमें श्रमिक और उनके परिवारजनों को डिस्पेंसरी से सीधे विशेषज्ञ हॉस्पिटल में रेफर कर सकें। वर्तमान में गंभीर बीमारी से ग्रस्त और इमरजेंसी में मरीजों को पहले ईएसआईसी की डिसपेंसरी फिर मुख्य अस्पताल से अनुबंधित अस्पताल रेफर करवाना पड़ता है। जटिल प्रक्रिया की वजह से श्रमिक परिवारों को काफी परेशानी का सामना न करना पड़े, इसके लिए उन्होंने कहा, ईएसआईसी जब तक अपने अस्पतालों में सुविधा नहीं बढ़ाती, तब तक मरीजों को अन्य अस्पतालों में पर्याप्त सुविधाएं उपलब्ध कराएं। कैबिनेट मंत्री ने प्रदेश के राइस मिल, मॉल, शॉपिंग कॉम्प्लेक्स, निजी स्कूल समेत अन्य संस्थान का सर्वे कर ज्यादा से ज्यादा कर्मियों को ईएसआईसी में पंजीकृत करने के निर्देश दिए।



*चार जिलों में खुलेंगी ब्रांच : अधिकारियों ने बताया कि छत्तीसगढ़ के चार और जिलों में शाखा कार्यालय जल्द ही खोला जाना है। इनमें सरगुजा, सूरजपुर एवं दंतेवाड़ा में शाखा खोलने हेतु बीएसएनएल से किराये पर भवन ले लिया गया है। जिसका संचालन जल्द ही प्रारंभ किया जाएगा। इसके साथ ही जशपुर में भी शाखा कार्यालय खोलने हेतु भवन किराये पर लेने बीएसएनएल पत्राचार किया जा रहा है। औषधालय उरला एवं तिल्दा में औषधालय निर्माण के लिए भूमि आबंटन हेतु कलेक्टर कार्यालय रायपुर द्वारा बताया गया कि उरला में उपलब्ध सभी खाली भूमि छत्तीसगढ़ राज्य औद्योगिक विकास निगम (सीएसआईडीसी) को सौंप दी गई है।*

### इन स्थानों पर अस्पताल बनेंगे

उन्होंने कहा, इएसआईसी अस्पताल में उपलब्ध सुविधाओं का निरीक्षण करने हेतु रीजनल बोर्ड के सदस्यों को ईएसआई स्थानीय चिकित्सक द्वारा आमंत्रित करें। उन्होंने बिलासपुर जिले हेतु 100 बेड अस्पताल के निर्माण के संबंध में अधिकारियों से जानकारी ली। अधिकारियों ने बताया कि अस्पताल हेतु राज्य शासन के द्वारा भूमि के दिए गए विकल्पों का समिति के द्वारा परीक्षण कर मुख्यालय भेजा गया है। बस्तर जिले हेतु औषधालय कार्यालय (डीसीबीओ) का अनुमोदन किया गया। किन्तु अभी तक उपयुक्त भवन उपलब्ध नही हो पाया है। मंत्री ने भारत संचार निगम एवं भारतीय जीवन बीमा निगम को भवन की उपलब्धता हेतु इन संस्थाओं से सम्पर्क करने के निर्देश दिए। अधिकारियों ने बताया कि राज्य शासन के द्वारा ग्राम कुरूंदी औषधालय सह कार्यालय (डीसीबीओ) के निर्माण हेतु जमीन चिन्हित की गई है। निगम के द्वारा राज्य शासन से आबंटन यथाशीघ्र कराने के संबंध में प्रस्ताव भेजने पर सहमती व्यक्त की गई।

# फेरी वाले के भेष में घूम रहे दो चेन स्नैचर गिरफ्तार

**रायपुर**। डीडीनगर थाना क्षेत्र में मेन रोड पर एक महिला के गले से चेन तथा मंगलसूत्र लूटने के आरोप में पुलिस ने दो अंतर्राज्यीय चेन स्नैचरों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने महिला से लूटी गई चेन तथा मंगलसूत्र जब्त किया है। पुलिस के मुताबिक चेन स्नैचिंग के आरोप में महाराष्ट्र नागपुर निवासी मोहम्मद जाकिर तथा साहिल शेख को गिरफ्तार किया गया है। दोनों बदमाशों ने मंगलवार को चेन स्नैचिंग की घटना को अंजाम दिया था। पुलिस के अनुसार बदमाशों ने सत्यम विहार कालोनी निवासी उमा डेकाटे के गले से चेन स्नैचिंग की घटना को अंजाम दिया था। उमा ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है कि वह घटना दिनांक को एचएम अस्पताल से पैदल घर जाने निकली थी। दोपहर सवा तीन बजे के करीब बाइक सवार दो बदमाश उसके करीब पहुंचे और झपट्टा मारकर उसके गले से चेन तथा मंगलसूत्र लूटकर फरार हो गए।



### एक सप्ताह पूर्व रायपुर आए थे

पुलिस के अनुसार चेन स्नैचिंग की घटना को लेकर आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच करने पर उन्हें संदिग्ध बाइक का नंबर मिला। नंबर प्लेट के आधार पर बदमाशों की पतासाजी की गई। पुलिस के अनुसार पकड़े गए बदमाशों ने एक सप्ताह पूर्व रायपुर आना बताया। बदमाश ईदगाह भाठा में अपने किसी रिश्तेदार के यहां रुके थे। बदमाश यहां अपराधिक घटना को अंजाम देने फेरीवाला के भेष में घूम रहे ।

# बगैर तलाक जेल प्रहरी ने की दूसरी शादी, आयोग ने एसपी-जेल अधीक्षक को लिखा पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग में एक जेल प्रहरी के खिलाफ उसकी पत्नी ने शिकायत की है कि उससे तलाक लिए बिना उसके पति ने दूसरी महिला से विवाह कर लिया है तथा उसे और उसके बच्चों को छोड़ दिया है। अनावेदक बिलासपुर सेंट्रल जेल का प्रहरी है। इस शिकायत पर आयोग ने गुरुवार को सुनवाई बुलाई थी, जिसमें पीड़िता और उसके पति को बुलाया था। इस सुनवाई में अनावेदक नहीं पहुंचा, जिसके बाद आयोग ने इस मामले में बिलासपुर के जिला पुलिस अधीक्षक और सेंट्रल जेल अधीक्षक को पत्र लिखकर प्रहरी को आयोग की आगामी सुनवाई में उपस्थिति दर्ज कराने के निर्देश दिए हैं। आयोग की अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक ने रायपुर स्थित आयोग कार्यालय में महिला उत्पीड़न से संबंधित कई प्रकरणों पर सुनवाई की। इस दौरान उन्होंने एक अन्य प्रकरण में पहली पत्नी को तलाक दिए बिना दूसरा विवाह कर अपनी पत्नी और तीन बेटियों को घर से निकाल देने का मामला आया। इस मामले में आवेदिका ने आरोप लगाया कि उसका पति उसके साथ मारपीट करता है तथा बच्चों के भरण-पोषण के लिए खर्च भी नहीं देता। उसका उसके पति से तलाक नहीं हुआ है, फिर भी उसने दूसरी महिला से शादी कर ली है, जो उसके साथ रहती है। आयोग ने इस मामले में आवेदिका को सुरक्षा की दृष्टि से 2 माह के लिए नारी निकेतन भेजने का आदेश दिया है।

### आयोग के कर्मचारियों के साथ गाली-गलौज-मारपीट

आयोग में आज आयोग के कर्मचारियों के साथ ही गाली-गलौज एवं मारपीट करने के मामले में सुनवाई की गई। बताया गया कि 26 सितंबर को एक प्रकरण में दो पक्षों के बीच सुनवाई होनी थी। इस सुनवाई के एक दिन पूर्व 25 सितंबर की शाम 6 बजे आयोग के कर्मचारियों के साथ इन पक्ष के लोगों ने गाली-गलौज कर मारपीट की। इसके बाद कर्मचारी को मोबाइल पर संपर्क कर धमकाने का भी प्रयास किया गया। आयोग ने इसे संज्ञान में लिया है और गोलबाजार थाना प्रभारी को इस संबंध में जांच कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।



### निगम अधिकारी को पुलिस के माध्यम से उपस्थित कराने के निर्देश

*एक अन्य प्रकरण में आवेदिका ने शिकायत की थी कि सहायक श्रम आयुक्त के निर्देश के बाद भी उसकी मां की अनुकंपा राशि 59 हजार रुपए का भुगतान नगर निगम द्वारा नहीं किया गया है। निगम अधिकारी द्वारा लगातार आवेदिका को दफ्तर के चक्कर लगवा रहे हैं। इस शिकायत पर आयोग ने निगम अधिकारी को सुनवाई में आने की सूचना दी थी। इसके बाद भी अधिकारी सुनवाई में नहीं पहुंचे। आयोग ने इस मामले में अब थाना प्रभारी के माध्यम से आगामी सुनवाई में उपस्थित कराने के निर्देश दिए हैं।*

## खबर संक्षेप

### सरकारी विभागों में 3500 पदों पर भर्ती शुरू

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ शासन के विभिन्न विभागों में युवाओं की भर्ती का सिलसिला वृहद पैमाने पर शुरू कर दिया गया है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की पहल पर अब तक लगभग 8 विभागों में 3,474 पदों की भर्ती के लिए वित्त विभाग ने अपनी मंजूरी दे दी है। खाली पदों पर भर्ती की प्रक्रिया को लेकर कमोबेश सभी विभाग प्रस्ताव बनाने से लेकर शासन से स्वीकृति की तैयारी में जुटे हुए हैं। मुख्यमंत्री की मंशानुरूप विभागों में भर्ती की प्रक्रिया अनवरत रूप से जारी रहेगी। वित्त विभाग से स्वीकृति मिलने के बाद स्वास्थ्य विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, कृषि विभाग, ग्रामीण आजीविका मिशन, गृह विभाग, विधि विभाग, आदिम जाति कल्याण, वन एवं पर्यावरण विभाग अपने-अपने विभागों में भर्ती प्रक्रिया आगे बढ़ाने में लगे हैं। मुख्यमंत्री लगातार छत्तीसगढ़ में युवाओं को शिक्षा एवं रोजगार में नए अवसर प्रदान करने के लिए कार्य कर रहे हैं।

### कोर्ट के आदेश पर एसीएस वन ने तीन दिन में मांगी सभी प्रकरणों की सूची

**रायपुर।** वन विभाग में नियमितीकरण के मामले में न्यायालयीन प्रकरणों के शासन स्तर पर त्वरित निराकरण और समीक्षा को लेकर एसीएस वन ऋचा शर्मा ने विभागीय अधिकरियों को पत्र लिख कर सभी प्रकरणों की तीन दिन में जानकारी मांगी है। उन्होंने कहा, कोर्ट के आदेशों की नियमित समीक्षा न होने के कारण अवमानना की स्थिति बन रही है। विभाग द्वारा महाधिवक्ता से अभिमत प्राप्त कर रिट, रिव्यू और याचिका दायर होने में विलंब पर चिंता जताई। उन्होंने पीसीसीएफ व्ही श्रीनिवास राव, सभी डीएफओ और वन संरक्षकों को लिखे अर्ध शासकीय पत्र में कहा है, न्यायालयीन प्रकरण जिन पर कार्यवाही की जानी है, उनकी पाक्षिक समीक्षा करें।

### बीएसपी कर्मियों के हितों में मान्यता काल में हमने कराए कई कार्यः चन्ना केशवलू

**भिलाई।** भिलाई इस्पात मज़दूर संघ ने यूनियन मान्यता में आने के बाद प्रबंधन से बीएसपी कर्मचारियों के हितों के लिए कई कार्य किए हैं। लायसेंसी आवास की अमानत राशि कम करान व आवास अवांटन में तेजी लाने सहित कई उपलब्धियां यूनियन के खाते में आईं। काफी हाउस में गुरुवार कोभिलाई इस्पात मजदूर संघ के महासचिव चन्ना केशवलू ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि हमारी यूनियन ने लाइसेंस में आवास आवंटन सुविधा के तहत 200 वर्गफीट मकानों के लिए अमानत राशि जो पूर्व में 5 लाख थी जिसे कम कर 2.5,लाख रूपये कराया, सेक्टर नौ हास्पिटल में कार्डियोलॉजिस्ट के साथ 32 नए डॉक्टर व पैरामेडिकल स्टाफ की भर्ती हुई। अधिकारियों के लिए बने भिलाई क्लब व स्टील क्लब की तरह ही कर्मचारियों के लिए दो क्लबो सेक्टर-7 एवम सेक्टर-4 मॉडल क्लब हेतु 1.5 करोड़ की राशि स्वीकृत कराई गई। मरीजों का रेफरल प्रक्रिया का सरलीकर व 1200 से अधिक मकानों में टारफेल्टिंग कराया गया। एस-1 वाले को एनक्यू-4 को -5 की पात्रता कराई गई।

## घटना मुजगहन थाना क्षेत्र की

# खारुन एनीकट में छात्र डूबा, नहीं मिला शव



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

मुजगहन थाना क्षेत्र स्थित खारुन नदी एनीकट में नौवीं में पढ़ने वाला छात्र डूब गया है। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस तथा एसडीआरएफ की टीम छात्र की तलाश में जुट गई है। देर शाम तक पानी में डूबे छात्र की पतासाजी की गई। अंधेरा होने की वजह से रेस्क्यू रोक दिया गया है। फिलहाल उसका शव नहीं मिल पाया है। पुलिस के मुताबिक, बोरियाखुर्द निवासी राजकुमार वर्मा गुरुवार दोपहर 3 बजे के करीब अपने दोस्तों के साथ खारुन नदी में बने एनीकट में नहाने के लिए गया था। इस दौरान वह पानी की गहराई को भांप नहीं पाया और गहराई में समा गया। नदी में तेज बहाव होने की वजह से नहाने गए दोस्त राजकुमार की किसी भी तरह से मदद नहीं कर पाए। छात्र के पानी में डूबने की जानकारी मिलने के बाद पास से गुजर रहे लोगों ने अपने स्तर पर उसे ढूंढने की कोशिश की। मौके पर उपस्थित लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलने के बाद पुलिस तथा एसडीआरएफ की टीम राजकुमार की पतासाजी करने में जुटी हुई है।

■ दोस्तों के साथ एनीकट में नहाने गया था

## सोने की कीमत में लगातार इजाफा, निवेशकों के साथ ही आम ग्राहक भी खरीद रहे जेवर

# पितृपक्ष में भी सराफा बाजार गुलजार रोज हो रहा 50 करोड़ का कारोबार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

पितृपक्ष में आमतौर पर खरीदारी नहीं होती, लेकिन सोने और चांदी की कीमत लगातार बढ़ने के कारण जहां एक तरफ निवेशक रोज खरीदारी कर रहे हैं, वहां सामान्य ग्राहक भी जमकर सोने के जेवर ले रहे हैं। प्रदेश में सामान्य समय में जिस तरह से रोज करीब 50 करोड़ की खरीदारी होती है, उतनी ही हो रही है। रोज निवेशक 25 करोड़ का निवेश भी कर रहे हैं। इसमें सबसे ज्यादा 20 करोड़ का सोना खरीदा जा रहा है। चांदी में निवेश हो रहा है, लेकिन यह रोज पांच करोड़ का ही है। बाकी 25 करोड़ की खरीदारी सामान्य ग्राहक कर रहे हैं। सोने की कीमत में लगातार इजाफा हो रहा है। इस साल पहली बार सोना मंगलवार को 77 हजारी बना, इसके बाद गुरुवार को यह 78 हजारी बनने के बाद 80 हजारी की राह पर है। कभी भी सोना 80 हजारी हो सकता है। इसी तरह से चांदी की कीमत में भी तेजी से उछाला आया है। मंगलवार को चांदी की कीमत 91 हजार थी, यह बुधवार को 93900 हो गई। इसके बाद गुरुवार को चांदी 95 हजार के करीब पहुंच गई। चांदी की कीमत इस बार धनतेरस के समय एक लाख हो सकती है।



### पहले जैसी खरीदारी

बाजार पर पितृपक्ष का कोई असर नहीं है। जहां निवेशक खरीदारी कर रहे हैं, वहीं ग्राहक भी सामान्य दिनों की तरह खरीदारी कर रहे हैं।रोज कीमत में तेजी आ रही है।

**हरख मालू,** सराफा कारोबारी

### 50 हजार वाला सोना अब 78 हजार

बीते साल भर में सोने की कीमत से तो नए-नए रिकॉर्ड बनाने का काम किया है। इस बार जितनी तेजी से इसकी कीमत में इजाफा हो रहा है, उतनी तेजी से कभी नहीं होता था। करीब पौने दो साल में सोने की कीमत 28 हजार रुपए बढ़ी है। 50 हजार वाला सोना 78 हजार के पार हो गया है। यानी कीमत में 55 फीसदी का इजाफा हुआ है। इस साल की ही बात करें तो इस साल जनवरी में सोने की कीमत 65300 रुपए थी जो इस समय 78100 हो गई है। वैसे इसके पहले सोना दो बार 76 हजार के पार जाकर 77 हजार के करीब पहुंचा है, लेकिन यह 77 हजार तक कभी नहीं गया था, लेकिन अब यह 77 हजार से भी आगे बढ़कर 78 हजार के पार हो गया है।

### सोने-चांदी में 25 करोड़ का रोज निवेश

*प्रदेश में राजधानी रायपुर के साथ सभी शहरों को मिलाकर निवेशक रोज करीब 20 करोड़ का सोना निवेश करने के लिए खरीदते रहे हैं। निवेश के लिए खरीदा जाने वाला सोना सिक्कों के साथ बिस्कुट और सिल्ली की शक्ल में होता है। जहां एक ग्राम से लेकर 100 ग्राम तक के सिक्के मिलते हैं। वहीं किलो में लेने के लिए सिल्ली के रूप में मिलते हैं। निवेश के लिए खरीदे जाने वाले सोने को ही बुलियन कहा जाता है। सोने के साथ ही चांदी में भी निवेश किया जाता है। हालांकि इसमें सोने की तुलना में कम निवेश होता है, क्योंकि इसकी कीमत कम होने के कारण इसको बहुत ज्यादा मात्रा में लेना पड़ता है। चांदी में निवेशक रोज करीब पांच करोड़ लगाते हैं।*

### द्विज पत्रिका का हुआ विमोचन



**नवागढ़।** शुक्रवार को अंतर्राष्ट्रीय ब्राह्मण संगठन छत्तीसगढ़ के प्रदेशाध्यक्ष सुदेशधर दीवान नवागढ़ पहुंचे। उन्होंने समाज के सर्व ब्राह्मण परिषद के सदस्यों से मुलाकात की। साथ ही सामाजिक गतिविधि की के जानकारी ली। उन्होंने सांस्कृतिक, आध्यात्मिक, सामाजिक व संस्कार जागरण की मासिक पत्रिका द्विज दर्पण नवागढ़ के नगर प्रमुख विकास धर दीवान को दी और उनकी सदस्यता लेने के साथ लेख भेजने की अपील भी की। विकास दीवान ने पत्रिका एवं उनके सामाजिक कार्यों की सराहना करते हुए साथ में काम करने का आश्वासन दिया। इस दौरान नरेन्द्र शर्मा, बब्बू शुक्ला, सुदीप शर्मा आदि उपस्थित रहे।

### लिटीपुर में हरिकीर्तन का हुआ आयोजन



**नवागढ़।** लिटिपुर प्रतापपुर में आयोजित हरीकीर्तन में भाजपा नेता मिंटू बिसेन शामिल हुए। उन्होंने भगवान रामदरबार का पुजा-पाठ करके पूरे ग्रामवासी को शुभकामनाएं दिया। इस दौरान कटई, रनबोड आदि की मंडलियां शामिल हुई। कार्यक्रम में ऋषिराज ठाकुर, राकेश मिश्रा, अजय शर्मा, वंशराज सिंह ठाकुर, नलिन सिंह ठाकुर, लक्ष्मी चंद जैन, दिवाकर ठाकुर, श्रीकांत ठाकुर सहित क्षेत्रवासी शामिल हुए।

## मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं वित्तमंत्री ओपी चौधरी की सराहना की

# नड्डा ने नालंदा लाइब्रेरी में 500 से ज्यादा युवाओं को दिलाई भाजपा की सदस्यता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री एवं भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा रायपुर प्रवास के दौरान गुरुवार शाम मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं वित्तमंत्री ओपी चौधरी के साथ नालंदा परिसर पहुंचे। उन्होंने वहां लाइब्रेरी में विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं से संवाद किया। श्री नड्डा ने यूपीएससी, सीजीपीएससी सहित अन्य भर्ती परीक्षाओं की तैयारी के लिए नालंदा लाइब्रेरी में अध्ययन की हाईटेक सुविधा, बैठक व्यवस्था एवं सकारात्मक वातावरण की तारीफ की। श्री नड्डा ने जहां छह युवाओं को भाजपा की सदस्यता दिलाकर सदस्यता का प्रमाणपत्र दिया, वहीं 500 से ज्यादा युवाओं ने अपने मोबाइल से मिस्ड कॉल करके भाजपा की सदस्यता ली।

केंद्रीय मंत्री श्री नड्डा ने रायपुर में नालंदा परिसर को उसके नाम के अनुरूप स्थापित करने के लिए मुख्यमंत्री श्री साय एवं वित्तमंत्री श्री चौधरी की सराहना की। श्री नड्डा ने नालंदा लाइब्रेरी से आरएफआईडी के माध्यम से पुस्तक इश्यू होने की प्रक्रिया का अवलोकन किया। उन्होंने युवाओं से संवाद करते हुए उनके द्वारा प्रतियोगी परीक्षा की तैयारियों के बारे में भी जानकारी ली। नालंदा लाइब्रेरी से प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर विभिन्न पदों पर चयनित युवाओं ने केंद्रीय मंत्री श्री नड्डा से संवाद किया और कहा कि यह लाइब्रेरी युवाओं के अध्ययन के लिए चौबीसों घंटे खुली रहती है। यहां पढ़ाई का बेहतर वातावरण एवं इंटरनेट की सुविधा भी उपलब्ध है। केंद्रीय मंत्री श्री नड्डा ने सभी युवाओं को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि नालंदा लाइब्रेरी युवाओं के भविष्य को संवारने के लिए बड़ी मददगार साबित होगी। छत्तीसगढ़ में युवाओं के भविष्य को बेहतर बनाने के लिए आईटी को बढ़ावा देने के लिए मुख्यमंत्री श्री साय के प्रयासों को सराहा और कहा कि इससे युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर बनेंगे। उन्होंने मुख्यमंत्री श्री साय द्वारा राज्य के 22 शहरों में नालंदा परिसर रायपुर के तर्ज पर ही सर्वसुविधा युक्त लाइब्रेरी की स्थापना को अच्छी पहल बताया और कहा कि इससे राज्य के युवाओं को प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने में मदद मिलेगी।



### चौधरी ने दी नालंदा की जानकारी

वित्तमंत्री श्री ओ.पी चौधरी ने केंद्रीय मंत्री श्री नड्डा को नालंदा लाइब्रेरी के बारे में जानकारी देते हुए बताया यहां एक हजार युवा एक साथ बैठकर अध्ययन कर सकते है। लाइब्रेरी में 200 एमबीपीएस इंटरनेट की सुविधा है और अध्ययनरत छात्रों के मांग के अनुसार पुस्तकें उपलब्ध कराई जाती है और आरएफआईडी के माध्यम से पुस्तकें इश्यू करने की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। इस अवसर पर भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष और विधायक किरण देव, कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह, एसएसपी संतोष सिंह, नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा, जिला पंचायत सीईओ विश्वदीप समेत अन्य अधिकारी उपस्थित थे। श्री नड्डा ने कहा कि देश में कुछ दल युवाओं को भ्रमित कर राजनीति करते रहे हैं। वह दल किसी से छिपा नहीं है। राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री नड्डा ने युवाओं से भाजपा की सदस्यता की अपील की। छत्तीसगढ़ राज्य का निर्माण श्रद्धेय भारतरत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने किया था।

# दक्षिण विधानसभा उपचुनाव, कांग्रेस उम्मीदवारों के लिए करा रही सर्वे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

राजधानी की रायपुर दक्षिण विधानसभा सीट टिकट की दावेदारी कर रहे कांग्रेस के कई नेताओं को झटका लग सकता है। कांग्रेस के प्रभारी सचिन पायलट उम्मीदवारों के लिए एक सर्वे करवा रहे हैं। सर्वे रिपोर्ट के आधार पर उम्मीदवार के नाम पर सहमति बन सकती है। रायपुर दक्षिण विधानसभा सीट पर उपचुनाव होना है। भाजपा और कांग्रेस ने चुनाव के लिए तैयारियां तेज कर दी हैं।

दोनों पार्टियों में उम्मीदवार के नाम को लेकर भी मंथन चल रहा है। रायपुर दक्षिण विधानसभा सीट को भाजपा का गढ़ माना जाता है। इस सीट से लगातार आठ बार बीजेपी के बृजमोहन अग्रवाल रहे हैं। भाजपा के गढ़ को भेदने के लिए कांग्रेस इस बार बड़ी तैयारी कर रही है। सूत्रों के अनुसार, कांग्रेस पार्टी उम्मीदवार को लेकर सर्वे कर रही है। कांग्रेस के प्रभारी सचिन पायलट भी सर्वे करवा रहे हैं। ऐसे में कई दावेदारों को झटका लग सकता है। सचिन पायलट की देखरेख में संगठन के स्तर पर सर्वे किया जा रहा है। सर्वे रिपोर्ट आने के बाद उम्मीदवार के नाम पर सर्वसम्मति से फैसला लिया जाएगा। सर्वे रिपोर्ट आने के बाद भी फाइनल उम्मीदवार की घोषणा मंथन के बाद किया जाएगा। फाइनल उम्मीदवार के नाम की घोषणा नहीं होने तक सभी दावेदारों को क्षेत्र में एक्टिव रहने को कहा गया है।

सूत्रों के अनुसार, सचिन पायलट अपने स्तर पर सर्वे करवा रहे हैं। इस सर्वे रिपोर्ट का इंतजार सभी दावेदारों को है। श्री पायलट ने बैठक में राज्य के सीनियर नेताओं को सर्वे के बारे में जानकारी दी है।




### भाजपा के बृजमोहन अग्रवाल

रायपुर दक्षिण विधानसभा सीट से भाजपा के सीनियर नेता ब्रिजमोहन अग्रवाल चुनाव जीतते आ रहे हैं। 2023 में भी ब्रजमोहन अग्रवाल ने बंपर जीत दर्ज की थी। 2024 के लोकसभा चुनाव ने बीजेपी ने रायपुर लोकसभा सीट से ब्रिजमोहन अग्रवाल को टिकट दिया था। ब्रिजमोहन अग्रवाल चुनाव जीत गए। उसके बाद उन्होंने विष्णुदेव साय की कैबिनेट और विधायक पद से इस्तीफा दे दिया था। इस्तीफे के बाद सीट रिक्त घोषित कर दी गई थी।

### 6 पूर्व मंत्रियों को दी गई जिम्मेदारी

बताया जा रहा है कि रायपुर दक्षिण के कुछ वार्ड़ों उस तरह से काम नहीं हुआ है जिस तरह से सचिन पायलट चाहते थे। जिस कारण से वार्ड प्रभारियों को नया टास्क दिया गया है। नेताओं को रायपुर दक्षिण में एक्टिव रहने को कहा गया है। सचिन पायलट ने 6 पूर्व मंत्रियों को रायपुर दक्षिण विधानसभा चुनाव को लेकर टास्क दिया था।




# प्रवर्तन अनुभाग ने पुलिस के साथ अवैध कब्जों का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र के नगर सेवाएं विभाग के प्रवर्तन अनुभाग (एनफोर्समेंट) तथा पुलिस विभाग द्वारा रिसाली सेक्टर मरोदा सेक्टर में बीएसपी क्वार्टर के अवैध कब्जों का निरीक्षण किया गया।

रिसाली सेक्टर तथा मरोदा सेक्टर में एनफोर्समेंट विभाग के साथ, नेवई थाना के टीआई आनंद शुक्ला ने बीएसपी आवासों में दलालों द्वारा ताला तोड़कर किए जा रहे कब्जे का निरीक्षण किया। वैधानिक कार्यवाही के दौरान 3 दलालों और अवैध कब्जेधारियों की पहचान की गई है। अवैध कब्जेधारियों को आगे की कार्यवाही के लिए थाना बुलाया गया है। दलालों द्वारा छात्रों, अपराधियों, आमजनों आदि से पैसे लेकर यह अवैध कब्जों वाले कमरे किराये में चलाये जाते हैं। एनफोर्समेंट टीम द्वारा आवास खाली करवाकर ताला लगाकर रखरखाव कार्यालय को हैंड ओवर किया जाता है, लेकिन दलालों द्वारा बीएसपी आवासों का ताला तोड़कर, अपना आवास बताकर लोगों को किराये में दिया जाता है और उनसे अवैध रूप से वसूली की जाती है। कई बार समझाइश देने और कार्यवाही के बावजूद दलालों द्वारा बीएसपी आवासों का ताला रात में तोड़ दिया जा रहा है। इस संबंध में विभाग द्वारा पुलिस प्रशासन से मिलकर वैधानिक कार्यवाही के लिए निवेदन किया गया। नेवई पुलिस बल, बीएसपी प्रवर्तन विभाग के अधिकारी, इंस्पेक्टर तथा अन्य स्टाफ मेंबर द्वारा रिसाली सेक्टर तथा मरोदा सेक्टर में निरीक्षण किया गया।

# अनुकंपा नियुक्ति के पौने आठ सौ से अधिक प्रकरण लंबित, सरकार ने कहा-जल्दी भर्ती करो

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में अनुकंपा नियुक्ति के प्रकरणों में जल्द से जल्द नियुक्ति देने के बार बार निर्देश दिए जाने के बाद भी ये हाल है कि राज्य के 32 जिलों में अनुकंपा नियुक्ति के पौने आठ सौ से अधिक प्रकरण लंबित हैं। अब सामान्य प्रशासन विभाग ने शासन के सभी विभागों, राजस्व मंडल अध्यक्ष, सभी विभागाध्यक्षों कमिश्नरों और कलेक्टरों से कहा है कि लंबित प्रकरणों का प्राथमिकता के आधार पर निराकरण करने के लिए संबंधितों को निर्देशित करें। जारी हुआ ये आदेश : सामान्य प्रशासन विभाग के सचिव द्वारा जारी आदेश में जानकारी दी गई है कि अनुकंपा नियुक्ति के लंबित प्रकरणों की जानकारी सभी कलेक्टरों से मांगी गई थी। 32 जिलों से प्राप्त जानकारी के अनुसार अनुकंपा नियुक्ति के तृतीय श्रेणी के 544 तथा चतुर्थ श्रेणी के 238 प्रकरण यानि कुल 782 प्रकरण लंबित है।




विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### युवती ने बात नहीं की तो पेट में मारा चाकू

**भिलाई।** पुलगांव थाना अंतर्गत 22 वर्षीय युवती से बात नहीं करने पर पेट में चाकू से हमला करने का मामला प्रकाश में आया है। मामले में पुलिस ने अपराध दर्ज कर लिया है। पुलिस ने बताया कि घटना नगपुरा-बोरई रोड पर सांई मंदिर के पास की है। युवती एक फैशन हाउस में काम करती है। 24 सितंबर की शाम करीब साढ़े 6 बजे वह घर लौट रही थी। तभी आरोपी खोमन निषाद वहां आया। उससे युवती की पहले से जान पहचान थी। युवती से आरोपी बात करने की कोशिश करने लगा। हाथ भी पकड़ लिया। युवती ने बात करने से इंकार कर दिया, तो आरोपी ने धारदार हथियार से पेट पर वार कर दिया और भाग खड़े हुआ। मामले में पुलिस ने आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस लोगों से पूछताछ कर क्लू की तलाश में जुटी हुई है।

### अज्ञात वाहन की ठोकर से बुजुर्ग की मौत

**भिलाई।** नेवई थाना अंतर्गत डीपीएस रिसाली के पास अज्ञात चार पहिया वाहन की चपेट में आने से आशीष नगर रिसाली निवासी एक 73 वर्षीय बुजुर्ग की मौत हो गई। मृतक का नाम इंद्रसिंह टूटेजा बताया गया है। घटना करीब साढ़े 3 महीने पुरानी है। नेवई पुलिस ने इस मामले में अब जाकर अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 304 ए के तहत अपराध दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि घटना 8 जून की सुबह करीब 9.55 बजे की है। मृतक इंद्रसिंह अपनी सीजी 07 एवाई 2648 मोपेड से सेक्टर-9 हॉस्पिटल से लौट रहा था। वह अपने घर जा रहा था। तभी अज्ञात वाहन ने घटना स्थल पर उसे अपनी चपेट में ले लिया। घटना के बाद आरोपी चालक मौका देख फरार हो गया। आसपास के लोगों ने घायल इंद्रसिंह को सेक्टर-9 हॉस्पिटल में भर्ती कराया। जहां स्थिति को बिगड़ता देख हुए तत्काल स्पर्श हॉस्पिटल ले जाया गया। जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर प्रारंभिक जांच शुरू की। पता चला कि हादसा अज्ञात वाहन की ठोकर लगने की वजह से हुई। इसके बाद पुलिस ने अपराध दर्ज कर लिया है।

### टास्क पूरा करने के नाम पर 3.28 लाख रुपए की धोखाधड़ी

**भिलाई।** मोहन नगर थाना अंतर्गत जयंती नगर निवासी पूजा पिता विनोद अन्नम (32 वर्ष) ऑनलाइन ठगी का शिकार हो गई। मोबाइल धारक आरोपी ने पहले फोन कर घर बैठे पैसे कमाने का झांसा दिया। आरोपी ने कहा कि आप घर बैठे टास्क पूरा कर पैसे कमा सकती हैं। युवती झांसे में आ गई। इसके बाद आरोपी ने 19 से 22 सितंबर के मध्य कई बार में 3,28,017 रुपए ठग लिए। युवती को जब लगा कि उससे लगातार ठगी हो रही है, तब उसने इसकी सूचना मोहन नगर पुलिस को दी। बहरहाल पुलिस ने मामले में अपराध दर्ज कर लिया है। पुलिस ने मामला साइबर टीम को सौंप दिया है। इसके साथ ही मामले में जांच शुरू कर दी गई है। सर्विलांस और अन्य माध्यमों से आरोपी की पतासाजी की जा रही है। पुलिस ने बताया कि युवती को पहली बार फोन 18 सितंबर को आया। इसके बाद उसे एक टॉस्क पूरा करने के लिए दिया। महिला ने टॉस्क पूरा किया तो उसे टेलीग्राम में किसी कियार गुप्ता से बात करने कहा गया। युवती ने कियार से बात की, इसके बाद युवती को यूपीआई के माध्यम से 210 रुपए भेजे गए। इसके बाद युवती का आत्मविश्वास बढ़ता गया। उसने लगातार टास्क पूरा करना शुरू कर दिया। 16वें टास्क के बाद युवती का पैसा अटकने लगा। उसे पैसा रिफंड नहीं किया जा रहा था।

### ग्रामीण ने बच्चों को परोसा न्योता भोज

**बालोद/कलंगपुर।** प्रधानमंत्री पोषण शक्ति योजना अंतर्गत बच्चों क़ो सुपोषित करने व सामुदायिक सहभागिता के माध्यम से गुणवत्तापूर्ण पोषक आहार प्रदान करने के उद्देश्य से न्योता भोज आयोजित किया जा रहा हैं। इसमें लोग अपने विभिन्न उत्सवों, खुशियों क़ो स्कूलों में बच्चों के साथ साझा करते हैं। इस कड़ी में शासकीय प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक शाला चिचबोड में ग्रामीण अध्यक्ष ढाल सिंह साहू ने न्योता भोज में अपनी सहभागिता दी।

---

**मांग : सुरहोली के ग्रामीणों ने तालाबंदी व धरना प्रदर्शन करने किए जाने की चेतावनी दी**

# गांव में पोल्ट्रीफार्म को बंद करने की मांग ग्रामीणों ने कहा, नियम के मुताबिक नहीं हो रहा संचालन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बेरला



जनपद पंचायत बेरला अंचल में आने वाले ग्राम पंचायत सुरहोली में स्काई लार्क हैचरिज प्राइवेट लिमिटेड पोल्ट्री फार्म सुरहोली में बदबू से लेकर विभिन्न प्रकार के मापदंडों को दरकिनार किए जाने को लेकर ग्रामीणों ने तालाबंदी व धरना प्रदर्शन करने किए जाने की चेतावनी दी ओर तहसील भिंभौरी व अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बेरला को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में कहा गया है कि ग्राम सुरहोली में स्काई लार्क हैचरिज प्राइवेट लिमिटेड संचालित है। वही कंपनी द्वारा नियम व मानक माप दंड को दरकिनार कर खुला एरिया में प्रदुषण युक्त मुर्गा बीट डंप किया गया है। जो कि पर्यावरण मृदा, भूमिगत जल स्त्रोत, वायु प्रदूषण सहित सीधा स्वास्थ्य के लिए हानिकारक साबित हो रहे है। जिसके बदबू फैलने से ग्रामीण में रोष व्याप्त हो रहे है। साथ ही साफ-सफाई करने के बजाय प्रदूषण फैलाने का कार्य किया जा रहा है। कंपनी द्वारा फैलाए गए गंदगी की साफ-सफाई को लेकर ग्राम पंचायत सुरहोली सहित ग्रामीणों ने मांग रखा है। वही पूर्व शेड निर्माण के पश्चात नवीन शेड निर्माण कार्य को बंद कराने को लेकर स्काई लार्क हैचरिज से लगे कई किसानो की जमीन लगी हुई है। जो आज प्रदूषण और बदबू के कारण पलायन की स्थिति में है।

### विरोध के बावजूद बना रहे नए फार्म हाउस

ग्रामीणों का कहना है कि सुरहोली में स्काईलार्क हैचरिज लिमिटेड द्वारा 2019 में आठ एकड़ जमीन पर मुर्गी फार्म हाउस बना रहे थे। उस समय ग्रामीणों द्वारा विरोध किया तो स्काई लार्क डायरेक्टर विजय कुंडू द्वारा लिख कर दिया गया था कि जो बन गए है वह बन गए। लेकिन अब नया नहीं बनाएंगे। इसके बावजूद अभी फिर से नए मुर्गी फार्म हाउस के लिए कालम डाल कर बनाने की तैयारी कर रहे है। जिसके विरोध में गांव वाले एवं सरपंच के द्वारा ग्राम पंचायत से लेटर लिखकर ग्राम पंचायत में उपस्थित होकर जवाब देने बोला गया। लेकिन विजय कुंडू पंचायत नहीं आए न कोई जवाब दिया। तत्पश्चात किसी प्रकार का जवाबदेही नही लिया जा रहा है जिसके चलते ग्रामवासी एवं ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों ने निर्माण कार्य को बंद एवं सफाई कराने को लेकर आंदोलन का निर्णय लिया गया। 30 सितम्बर तक मांगों को पूरा नहीं किए जाने पर 01 अक्टूबर 2024 से आंदोलन व धरना प्रदर्शन किया जाएगा। ज्ञापन सौंपने वालों में ग्राम पंचायत सुरहोली सरपंच ओमप्रकाश साहू, प्रहलाद वर्मा जनसेवक, पप्पू वर्मा, विष्णु साहू, अजय साहू, मुरली साहू, बीरेंद्र साहू, मनोज चौहान, रंजीत साहू, पिंटू साहू सहित अन्य ग्राम वासी मौजूद रहे।

#### प्रबंधक कर रहा खुलेआम मनमानी

इस संबंध में बताया कि ग्राम के समीप होने पर गंदगी व बदबू से ग्रामवासी परेशान हो रहे है हरे रंग की मक्खी व कीड़े भी गांव में फैल गए है। हैचरिज प्रबंधक की खुलेआम मनमानी चल रहे है। साथ ही खाना पीना मुश्किल हो गए।

**- ओमप्रकाश साहू,** सरपंच ग्राम पंचायत सुरहोली

#### कार्रवाई की जाएगी

ग्रामीणों द्वारा ज्ञापन सौंपा गया। इस संबंध में ग्राम के स्काई लार्क हैचरिज प्राइवेट लिमिटेड की उचित जांच कर उचित कार्यवाही की जाएगी।

**- सुभाष शुक्ला,** प्रभारी तहसीलदार भिंभौरी

---

# भोजन को पौष्टिक बनाने की अच्छी पहल है न्योता भोज : अंबालिका

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बेमेतरा



विकास खंड बेरला के शासकीय प्राथमिक शाला साल्हेपुर में स्वर्गीय बेनीराम वर्मा जी के पितृ मिलन के अवसर पर स्कूल के बच्चों को डंगनिया ख, के निवासी रमेश वर्मा, राकेश वर्मा उनके धर्मपत्नी शारदा देवी वर्मा के द्वारा सभी बच्चों को खीर, पुड़ी, मिक्सचर, बड़ा, फल इत्यादि व्यंजन से नेवता भोज के रूप में बच्चों सहित शिक्षकों के लिए बहुत सुंदर व्यवस्था रखी गई थी। इस अवसर पर शाला की प्रधान पाठिका अंबालिका पटेल और शिक्षक डागेंद्र निषाद, प्रदीप कुमार ठाकुर एवं प्रकाश गायकवाड, उत्तम कुमार गुप्ता, कुंती, दुलारी बाई उपस्थित थे। शाला की प्रधान पाठिका अंबालिका पटेल ने नेवता भोज के बारे में बताया कि नेवता भोज प्रधान मंत्री पोषण शक्ति योजना के अन्तर्गत दिए जाने वाले भोजन को सामुदायिक भागीदारी के जरिए और ज्यादा पोषक बनाने की पहल है। यह पूरी तरह से स्वैच्छिक हैं। यह समुदाय को साल से जोड़ने की भी अच्छी पहल है। कोई भी व्यक्ति, समुदाय के लोग अथवा सामाजिक संगठन जैसे आम जनों और संगठनो द्वारा विशेष मौके या राष्ट्रीय पर्व, त्यौहार, जन्म दिवस, अथवा विवाह, छट्टी, वार्षिक श्राद्ध, खास अवसर पर स्वेच्छा से सरकारी स्कूलों में भोज का आयोजन कर सकते हैं। अथिति के रुप मे ग्राम पंचायत से सरपंच प्रकाश गायकवाड शमिल हुए थे। शासकीय प्राथमिक शाला साल्हेपुर में नेवता भोज का आयोजन कई बार हो चूका है।

इस प्रकार से आम जनों भागीदारी के माध्यम से विद्यार्थियों को उचित पोषण आहार प्राप्त हो रहा है। और सरकार के द्वारा आयोजित किया गया। यह नेवता भोज का सफल संचालन हमारे ग्राम के स्कूल में किया जा रहा है इस प्रकार शाला में उपस्थित सभी विद्यार्थीयों ने नेवता भोज का आनंद उठाया और यह कार्यक्रम सफलतापूर्वक संचालित हुआ। साथ ही सभी बच्चों ने पितृ देवता को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित किए गए।

---

# हिम कल्याणी ने शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट भूमिका निभाई है : विजय



हरिभूमि न्यूज ▸▸ बेमेतरा

कलार समाज तहसील इकाई बेमेतरा नगर पंचायत दाढ़ी में समाजिक भवन में बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि विजय सिन्हा पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष बेमेतरा, विशेष अतिथि मोहन सिन्हा, बिंदिया जायसवाल जिला अध्यक्ष, मंडलेश्वर अशोक जायसवाल के हाथों राज्यपाल पुरस्कार प्राप्त करने पर कलार समाज की गौरव बेटी हिमकल्याणी सिन्हा को सम्मानित किया गया। समाज प्रमुखों ने कहा की हिमकल्याणी सिन्हा के सम्मान से पूरे समाज गौरवविन्त महसूस कर रहा है। विजय सिन्हा ने कहा कि हिमकल्याणी सिन्हा शिक्षा ने क्षेत्र में अपनी उत्कृष्ट भूमिका निभायी है। जिसके परिणाम स्वरूप छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रमेन डेका और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के हाथों सम्मानित हुई है। समाज के प्रत्येक व्यक्ति को यह फर्ज निभाना है कि सभी अपने बच्चों को शिक्षा के मुख्यधारा से जोड़े, तभी समाज का विकास होगा। साथ ही समाज से 10 वीं 12वी में उत्कृष्ट अंक पाने वाले बच्चों को भी सम्मानित किया गया। ललित सिन्हा, सोमप्रकाश सिन्हा, केशरी नंदन सिन्हा,

बाहरी सिन्हा, रघुनंदन सिन्हा, मंजू सिन्हा, पिंकी जायसवाल,अर्चना जायसवाल, परस राम सिन्हा, दीपक सिन्हा, रूपेंद्र सिन्हा सहित सभी समाज से पदाधिकारी उपस्थित रहे।

---

# एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत सिंघौरी स्कूल में किया गया पौधारोपण



हरिभूमि न्यूज ▸▸ बेमेतरा

शासकीय हाई स्कूल, माध्यमिक एंव प्राथमिक शाला सिंघौरी के शाला प्रांगण में एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत कोमल सिंह ठाकुर सीएमओ बेमेतरा, राजेन्द्र साहू बीआरसी बेमेतरा, भूपेंद्र साहू एपीसी की उपस्थिति में वृक्षारोपण किया गया। सीएमओ ने स्कूली बच्चों को पर्यावरण संरक्षण संबंधित जानकारी दी एंव इनसे होने वाले लाभ के बारे में बताया गया। बीआरसी ने एक पेड़ माँ के नाम अभियान की सराहना करते हुए बच्चों को भी अपने आसपास पेड़ लगाने एंव पर्यावरण को साफ रखने की सलाह दी गयीं। इस दौरान शाला में बांकेबिहारी गुप्ता प्राचार्य, मीनाक्षी शर्मा प्रधान पाठक,शशिकला यादव प्रधान पाठक सहित धनीराम बंजारे संकुल समन्वयक, पूनम कुमार साहू संकुल समन्वयक, रामगोपाल चंद्राकर प्रभारी प्राचार्य, सरस्वती साहू,आगेश्वरी साहू,राजेश्वरी ठाकुर, देवेंद्र साहू, नुतेश्वर चंद्राकर, प्रशांत बघेल, किरण खरे,रंजू पांडेय अमरीका पांडेय एंव लक्ष्मी साहू उपस्थित रहे।

---

# बच्चों को न्योता भोज में दी गई खीर, पूड़ी



**बेमेतरा।** जिला मुख्यालय के समीप शासकीय प्राथमिक शाला खिलोरा में जिला अस्पताल अधीक्षक सिविल सर्जन संतराम चुरेन्द्र ने अपने अर्धवर्षीय सेवा पूर्ण (सेवानिवृत्ति) होने पर स्कूल में न्यौता भोजन का आयोजन किया। जहां पर चावल दाल, सब्जी, खीर, पूड़ी व फल बच्चों खिलाया गया।

बता दें कि संतराम चुरेन्द्र सिविल सर्जन मूलतः बालोद जिला के निवासी है। इसके पूर्व श्री चुरेन्द्र का स्वागत संस्था के प्रधान पाठक गैंदराम वर्मा व नीलेश कुमार सोनी संकुल समन्वयक द्वारा किया गया। सिविल सर्जन डॉ. संतराम चुरेन्द्र न्यौता भोजन स्कूलों में कराए जाने परंपरा की सराहना करते हुए कहा की छोटे बच्चों को भोजन कराना एक तरह का नेक काम जहां वहीं इससे इंसान की आत्मा को संतुष्टि भी मिलती है। नेहा रानी गेन्द्रे, सूचित निषाद ने डॉ. चुरेंद्र का आभार जताया। इस अवसर पर कार्यालय सिविल सर्जन से मनीष शर्मा, शिवदास महंत, कान्हा, कृष्ना वर्मा,ऋषी जांगड़े, भुनेश्वर साहू सरपंच, तेजेश्वर साहू अध्यक्ष, हीरालाल शर्मा प्राचार्य, शिक्षकगण आशीष खरिष्टियां, मनोज वर्मा, मोहनी सोनी , व ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

---

# जीया स्कूल को ग्रामीणों ने दिया स्मार्ट टीवी और व्हाइट बोर्ड



**बेमेतरा।** विकासखंड बेमेतरा के ग्राम जीया के शासकीय प्राथमिक स्कूल को आम ग्रामीण जनों के सहयोग से एक स्मार्ट टीवी और व्हाइट बोर्ड प्रदाय स्कूल दिया गया है। यह पहल ग्रामीण समुदाय की एकता और शिक्षा के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

इस स्मार्ट टीवी के माध्यम से, विद्यार्थियों को डिजिटल शिक्षा का लाभ मिलेगा और उनकी शिक्षा में सुधार होगा। इस दौरान क्षेत्र के जनपद सदस्य प्रतिनिधि गजानंद साहू ने बताया कि यह पहल ग्रामीण समुदाय के सदस्यों को एक साथ लाने और शिक्षा के क्षेत्र में योगदान देने के उद्देश्य से जहां शुरू की गई है वही क्षेत्र के बच्चों भी तकनीकी शिक्षा भी ग्रहण कर सकें । इस अवसर पर जनपद सदस्य प्रतिनिधि गजानंद साहू, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष सुनील कुमार वर्मा, उपाध्यक्ष अनिल वर्मा, लुकेश्वर साहू, प्रताप साहू, रघुवीर वर्मा, माखन वर्मा, कन्हैया साहू, पूर्णिमा वर्मा, कार्तिक राम दिवाकर, संकुल समन्वयक सूरज लाल निषाद, प्रधान पाठक कनक टंडन व सभी शिक्षक, विद्यार्थी मौजूद रहे।

---

# गणित वस्तुओं की गिनती, माप और आकृतियों का वर्णन करता है : प्राचार्य

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बेमेतरा

- डाइट बेमेतरा में चल रही है मिडिल स्कूल के टीचरों का गणित विषय का प्रशिक्षण

जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डाइट बेमेतरा में जिले के दो विकास खंडों साजा और नवागढ़ के शिक्षकों का कक्षा छठवीं से आठवीं तक के गणित विषय पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण का कार्यक्रम दिनांक 26 सितंबर से 28 सितंबर तक आयोजित किया जा रहा है। इस प्रशिक्षण में मिडिल स्कूल में गणित अध्यापन कराने वाले 120 शिक्षकों को आमंत्रित किया गया है। प्रशिक्षण के पहले दिवस की शुरुआत मां सरस्वती की पूजा अर्चना एवं वंदना के साथ किया गया इस अवसर पर डाइट की वरिष्ठ व्याख्याता उषा किरण पांडेय, जी एल खुटियारे, श्रद्धा तिवारी, कीर्ति घृतलहरे, यमुना जांगड़े विशेष रूप से उपस्थित थे। प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रभारी राजकुमार वर्मा ने अपने उद्बोधन में गणित विषय प्रशिक्षण की तीन दिवसीय रूपरेखा के बारे में विस्तार से चर्चा की। डाइट के प्राचार्य जेके घृतलहरे ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा गणित सबके लिए कठिन विषय नहीं होता। छात्रों की रुचि एवं समझ के अनुरूप होता है। इसे बहुत आसान और सरल भी बनाया जा सकता है। उन्होंने अपने पढ़ाई जीवन का उदाहरण देते हुए वर्तमान छात्रों का उज्जवल भविष्य आप सभी प्रशिक्षण में आए हुए प्रतिभागियों के हाथों में है। डाइट के प्राचार्य ने गणित की परिभाषा बताते हुए कहा, गणित संरचना, क्रम और संबंध का विज्ञान है, जो वस्तुओं की गिनती, माप और आकृतियों का वर्णन करता है। गणित शब्द ग्रीक भाषा के शब्द मैथेमेटिक्स से लिया गया है। जिसका अर्थ होता है सीखना। गणित या मैथ्स का फूल फॉर्म होता है मैथेमेटिक्स। जिसे हिंदी में गणित कहते हैं। इसे केटेगरी के हिसाब से बोडमास भी कहते हैं। इसके अंतर्गत छोटा कोष्टक, बड़ा कोष्टक, सर्पाकार कोष्टक, वर्गमूल, भाग, गुना, जोड़, ऋण सभी आ जाते हैं।

**गणित विषय के बच्चे आगे कर सकते है पीइटी, पीएमटी व पीएटी :** डाइट प्राचार्य ने बताया कि गणित का पिता या जनक आर्किमिडीज को कहा जाता है। जबकि भारत का प्रथम गणितज्ञ के रूप में आर्यभट्ट को जाना जाता है। गणित मुख्यतः तीन प्रकार के होते हैं अंकगणित, बीजगणित और रेखा गणितम् इसी तरह से गणित में चार प्रकार के कोष्टक पाये जाते हैं। रेखा कोष्टक, छोटा कोष्टक, सर्पाकार कोष्टक और बड़ा कोष्टक। इन सब का उपयोग बोडमास के नियम में किया जाता है। गणित विषय की उपयोगिता को बताते हुए उन्होंने कहा कि गणित विषय के बच्चे आगे पीइटी, पीएमटी, पीएटी कर सकते है। बच्चे आगे चलकर इंजीनियरिंग की तैयारी कर इंजीनियर बनते हैं या गणितज्ञ के रूप में प्रसिद्ध हो जाते हैं।

मास्टर ट्रेनर्स नीलिमा साहू के द्वारा संख्या पर चर्चा करते हुए प्रकृति संख्या, पूर्ण संख्या, पूर्णांक एवं परिमेय संख्या को उदाहरण सहित स्पष्ट करते हुए प्रतिभागियों को सरल शब्दों में बताया गया। भोजन अवकाश के पश्चात सरस्वती शिशु मंदिर बेमेतरा के प्राचार्य मालिक राम वर्मा के द्वारा वैदिक गणित पर चर्चा करते हुए गुणा करने की सरल विधि को बहुत ही अच्छे ढंग से बताया गया। जो छात्र-छात्राओं के प्रतियोगी परीक्षा के लिए बहुत ही आसान तरीका साबित होगा। मास्टर ट्रेनर्स अशोक कुमार साहू के द्वारा गणित के सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी से प्रतिभागियों का आकलन किया गया।

#### गिनती के लिए जिस संख्या का हम उपयोग करते हैं वह प्राकृत

अवतल बहुभुज के संबंध में कम से कम एक अंतः कोण 180 अंश से अधिक होने पर स्पष्ट रूप से प्रस्तुत कर बताया गया। अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के रिसोर्स पर्सन राघवेंद्र कुमार ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर चर्चा करते हुए एनसीएफ एफएस और एनसीएफ एसई के संबंध में विस्तार से बताया गया। कि इस नीति के अध्यापन व्यवस्था से छात्रों की बौद्धिक विकास में निश्चित रूप से वृद्धि होगी। प्रतिभागियों को समूह में बांटकर गतिविधियां भी कराई गई। प्रतिभागी शिक्षकों ने बताया कि गिनती के लिए जिस संख्या का हम उपयोग करते हैं वह प्राकृत संख्या है। दूसरे समूह द्वारा सम विषम संख्या पर चर्चा करते हुए छात्रों को सम संख्या को समझने के लिए दो दो के जोड़े बनाकर स्पष्ट करने की बात को उदाहरण सहित बताया गया। जोड़े नहीं बनने पर विषम संख्या बताया गया। प्रशिक्षण का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

---

**झेरिया यादव समाज के नवागढ़ ब्लॉक के बारह राज प्रमुखों की बैठक**

# यादव समाज भी संख्या बल में किसी से कम नहीं : हेमकांत

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नवागढ़



छग झेरिया यादव समाज के नवागढ़ ब्लाक के बारह राज प्रमुखों की बैठक हुई। जिला अध्यक्ष हेमकांत यादव के अध्यक्षता में हुई बैठक में 30 सितंबर को रायपुर में होने वाले यादव समाज के महारैली में शामिल होने पर चर्चा हुई।

जिला अध्यक्ष हेमकांत ने बैठक में समाज प्रमुखों को जानकारी देते हुए बताया कि हमारे समाज के प्रमुख आज बस्तर से लेकर पूरे छग के जिलों में समाज के लिए जन जागरण रैली कर रहे है समाज को जगाने का काम कर रहे है। जिसका समापन 30 सितंबर को राजधानी रायपुर में होना है हम सब को इस महा रैली में शामिल होकर उनका हौसला बढ़ाना होगा जो समाज हित में कदम उठाए है। शासन प्रशासन का ध्यान आकर्षित करना होगा और बताना होगा कि यादव समाज भी संख्या बल में किसी से कम नही।

उन्होंने सभी राज प्रमुख को अधिक से अधिक गाड़ी लगा कर महा रैली में शामिल होने की अपील की। उन्होंने कहा की समाज की प्रमुख मांगे है जिसे लेकर महारैली के बाद राज्यपाल और मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा जाएगा। उन्होंने कहा की ये रैली हमारे छग यादव समाज की दिशा और दशा तय करेगी। इसलिए ये रैली समाज के एक एक व्यक्ति के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। आज अपने अधिकार के लिए आगे नही आय तो फिर हमेशा के लिए पीछे हो जायेंगे। संख्या के आधार पर राज्य में पिछड़ा वर्ग में दूसरे स्थान में होने के बाद भी हमे वो नही मिला जो अन्य समाज को मिला है।

#### सामाजिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी

हमारे समाज के लोगो को हर क्षेत्र में दबाने का काम हो रहा है। समाज के गौटिया मनहरण यादव ने कहा की आज सभी वर्ग के स्वजातीय बंधु भेदभाव भुला कर समाज हित में एक हो गए ये खुशी की बात है। ये एकता समाज के राजनीतिक सामाजिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगी। बैठक को कलीराम यादव, भारत यादव, राजू यादव, डॉ शंकर यादव, सुशील यादव, फूलसिंह यादव ने भी संबोधित किया। आभार प्रकट डॉ मायाराम यादव ने किया। इन दौरान चेतन यादव, शेखर यादव, अरुण यादव, रोहित यादव, पंचू यादव, संतोष यादव, आत्मा राम यादव, चैतराम यादव, कांशी राम यादव, धनीराम यादव, अनूप यादव, जीवन यादव सहित समाज के प्रमुख उपस्थित थे।

online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
By Train-रिजर्वेशन कोच
09 अक्टूबर से 21 अक्टूबर 2024
06 नवम्बर से 18 नवम्बर 2024
19 दिसंबर से 31 दिसंबर 2024
23 जनवरी से 04 फरवरी 2025
20 फरवरी से 04 मार्च 2025
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), वाराणसी (काशी विश्वनाथ), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल), सीतामणी, पशुपतिनाथ, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), माँ मनोकामना देवी, पोखर (गुप्तेश्वर महादेव, डेविड फाल, विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक),काठमांडू (भोलेनाथ मंदिर, बुढ़ानिलकंड, सांघा), काठमांडू दरबार, भक्तपुर, गोरखनाथ मंदिर
राशिः-स्लीपर 18500/- 3 एसी 27,500/-2 एसी 30,500/-(+ 5% GST)
Jai Mata Di — Shree Tripur Tirth Yatra Samiti
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411